सिद्धांतदैवज्ञ विनोद ।
ज्योतिष भाषा ।

॥ श्रीः ॥

दैवज्ञविनोद.

(सिद्धान्तभाषा.)

जिसको

रामगढनिवासी पं० मनीरामजी शर्माने
विविधग्रंथोंके आधारसे निर्माण किया.

वही

खेमराज श्रीकृष्णदासने
बंबई
निज " श्रीवेङ्कटेश्वर " (स्टीम्) यन्त्रालयमें
मुद्रितकर प्रकाशित किया.

द्वितीयावृत्ति.

संवत् १९५९ शके १८२४

रामगढनिवासी-पं० मनीरामजी शर्मा.

भूमिका.

दिकोंके पूर्वज कूर्मजातिके क्षत्रियोंके पुरोहित थे और वह क्षत्री नैषध देशके राजा थे और उनसे इनको भेटमें गांगवती ग्राम मिलाथा और इसी ग्रामके नामसे हमारे पूर्वज गांगवत कहलायेहैं फिर समयके फेरफारसे यजमानोंका राज्य आमेरका हुवा तबसे हमारे पूर्वजभी इस आमेर राज्यांतर्गत निवास किया इसी आमेराधिपतीके सात राणियाँ थीं जिसमें खींचीक्षत्री कुलकी कन्या आमेराधिपतीको विवाही उसके साथमें सेढोजी पाराशर ब्राह्मण आयेथे उनको शकुन शास्त्रका अच्छा ज्ञानथा किसी समयमें उनकी शकुनकी बात ठीक मिलनेसे महाराजा प्रसन्न होके खींचणजीके संतानका सेढैजीको पुरोहित बनाया छै राणियोंका और आपका पुरोहित गांगावतोंकोही रखा ॥ फिर समयकी बिलोमतासे छै राणियोंके संतानका अभाव हुवा एक केवल खींचणजीके संतान हुई जिससे छे राणी और महाराजा देवलोक हुये बाद कुर्मवंशकी पुरोहिताई गांगावत ब्राह्मणोंसे समाप्त होके पाराशर पुरोहितोंको प्राप्तभई तबसे मेरे वृद्ध प्रपितामहादिकोंका निवास स्थान जैपुर राज्यांतर्गतखंडेलेके राज्यमें गोवटी ग्राममें हुवा फिर किसी कारणसे मेरे पितामहादिकोंको सीकर राज्यांतर्गत रामगढ निवास किये आज ८० वर्षके अनुमान हुये ॥ मैं गौड गांगावतवंशज भारद्वाज १ आंगिरस २ बार्हस्पत्य ३ त्रिप्रवरान्वित भारद्वाजगोत्र माध्यन्दिनीशाखाका विद्वानोंका सेवक हूं ॥ मेरे पितामहका नाम सदारामजी था और मेरे पिताका नाम रूपरामजी था रूपरामजीके ज्येष्ठपुत्र-नरहरि और कनिष्ठ पुत्र मनीराम हुवा रूपरामजीके सहोदर सुरूपरामजीके पुत्र श्रीवल्लभको अपुत्र जाण बांधव भावसे मेरेको श्रीवल्लभजीका दत्तपुत्र बनाया मेरा जन्म वैक्रमीय संवत् १९१७ के प्रथम आश्विन शुक्ला ४ मंगलवार निशीथ समयको है और मैंने ज्योतिष शास्त्र ज्येष्ठ भ्राता नरहरिजीसे पढाहै और पीछे उज्जैण निवासी श्रीसांदीपनवंशोद्भव दीनानाथजी महाराजसे पढाहै तथापि इस ग्रंथमें किसी स्थानमें त्रुटि देखके विद्वज्जन मुझ दीन ऊपर क्षमाकरेंगे क्योंकि यह ग्रंथ भाषाका दैवज्ञोंके विनोदार्थ है और साधारण छात्रोंके पढने योग्यहै छात्रलोग इससे परिचित होंगे तो उनकी सिद्धांतोंमें प्रवेश करनेकी गति सम्यक् प्रकारसे होजायगी और वे नक्षत्रसूचीके दोषोंसे अलग होंके दर्शनीय होजाँयगे शास्त्रमें लिखाहै कि तिथिकी उत्पत्ति जाने नहीं और ग्रहसाधनभी नहीं जानै और ज्योतिषविद्याकी उपजीविका करै वह नक्षत्रसूची कहलाताहै और सिद्धांतपाठीके दर्शन करनेसे दशदिनका पाप दूर होताहै और श्राद्धमें पूज्य और भोजनार्ह है नक्षत्रसूची श्राद्ध और धर्मकृत्यमें त्याज्य गर्हणीयहै इससे नक्षत्रसूचकत्व दोष दूरकरने के लिये इस ग्रंथका अवश्य पठन पाठन ज्योतिर्विदोंको करना परमावश्यक है ॥

पं० मनीरामशर्मा.

॥ श्रीः ॥

दैवज्ञविनोदस्थविषयानुक्रमः ।

इति दैवज्ञविनोदविषयानुक्रमः समाप्तः।

दैवज्ञविनोदः।

अथ प्रथम विनोदः १.

श्रीविनायकाय नमः॥प्रथम शास्त्रके प्रारंभमें अव्यक्त और अचिंत्यरूप परमात्माको अनेक धन्यवाद है कि, जिसकी कृपाकटाक्षके प्रकाश से सूर्यादिमंडल अखिल विश्वमें प्रकाशित होरहेहैं और उसीकी आज्ञासे कालज्ञानको सूचित करतेहैं. और वही जगत्के उत्पत्तिका मूल है.जिसके भयसे इंद्र, अग्नि, यम, निर्ऋति, वरुण, वायु, धनद, रुद्र इत्यादि देव अपने अपने कर्मोंमें नियुक्त होरहे हैं. अतएव उसी करुणावरुणालय सर्वशक्तिमान् जगदीश्वरको प्रणाम करके और उनकी कृपासे महाराव राजाजी श्रीमाधवसिंहजी बहादुर सीकरनरेशके रामगढ़निवासी मनीरामशर्माने जगत्का उपकार समझके यह "दैवज्ञविनोद" नाम ज्योतिष ग्रंथ बहुत ग्रंथोंका सार लेके आर्यभाषा (हिंदुस्थानी) में संग्रह कियाहै. उक्त ज्योतिष शास्त्रके तीन भेद हैं. सिद्धांत १ संहिता २ होरा ३ इन तीन भागोंमें आद्य भाग जो कि, सिद्धांत शास्त्र है उसीका कथन यहां होताहै. अब सिद्धांत किसको कहते हैं ? त्रुट्यादि प्रलयांतकालकी रचना जिसमें हो वही सिद्धात कहलाता है. सिद्धांतोंमें कौन सिद्धांत मुख्य है ब्रह्म १ सूर्य २ आर्य ३ यही तीन सिद्धात मुख्य हैं और इन्हींकाही गणित विश्वप्रचलित और मान्य है.उक्त सिद्धांतोंमें पृथ्वी और आकाशकी रचना लिखी वही इस ग्रंथमें यथार्थ लिखीहै. जिससे अधिक और भी अनुभवसिद्ध बातें जो कि, प्रत्यक्षप्रमाणमें ठीक ठीक हों वेभी यहां लिखीगई हैं. अब ध्यान देना चाहिये कि, इस संपूर्ण ब्रह्मांडका कारण इच्छारहित सत् चित् आनंदस्वरूप ब्रह्म परमात्माकी प्रकृति (माया) है. वह माया नित्य है. जैसे सूर्यकी प्रतिच्छाया. और वही माया जड है. अतः चैतन्य परमात्माके संयोगसे इस संसारने नटवत् मायया करती हुई प्रथम बुद्धि उपजाती भई. वह बुद्धि कैसी कि,इच्छामयी.

महत्तत्व जिसके स्वरूप हैं. महत्तत्वसे अहंकार हुवा. वह अहंकार रजोगुण, १ सतोगुण २ तमोगुणमय ३ तीन प्रकारसे हुवा. रजोगुण और सतोगुण यह दोनोंसे दश इन्द्रियाँ उत्पन्न भई और उक्त दोनोंसे मनभी उत्पन्न हुवा. दश इंद्रियोंमें कर्ण १ त्वचा २ नेत्र ३ जिह्वा ४ नासिका ५ यह पांच ज्ञानेंद्रियें कहलातीं हैं और वाणी १ हाथ २ पैर ३ लिंग ४ गुदा ५ इन्होंका नाम कर्मेंद्रिय हैं. तमोगुण और सतोगुणसे अहंकार मिलके पंचतन्मात्रा जो कि, शब्द, १ स्पर्श, २ रूप, ३ रस ४ गंध ५ उत्पन्न हुवाहै और पंचतन्मात्रासेही पंच महाभूत जो कि शब्दसे आकाश, १ स्पर्शसे वायु, २ रूपसे अग्नि, ३ रससे जल, ४ गंधसे पृथ्वी, ५ उत्पन्न हुए हैं, उक्त पांच ज्ञानेंद्रियोंमें कर्णविषय शब्द, १ त्वचा विषय स्पर्श, २ नेत्रविषय रूप ३ जिह्वा विषय स्वाद ४ नासिका विषय सुगंध दुर्गंधका पहिचानना. ५ और कर्मेंद्रियोंमें वाणी विषय शब्द, १ हाथ विषयग्राह्य २ पैर विषय हलन चलन, ३ लिंगविषय मैथुनादि, ४ गुदाविषय मलका परित्याग करना. प्रधान, प्रकृती, शक्ति, नित्या, विकृति, यह प्रकृतीकेही विशेषण हैं. महत्तत्त्व, १ अहंकार, २ पंचतन्मात्रा, ७ प्रकृती; ८ दश इंद्रियाँ, १८ एक मन, १९ पंच महाभूत २४ एवं चौवीस तत्वोंसे मिलके शरीररूपी घर बनताहै फिर जीवात्मा शुभ अशुभ कर्मोंके अधीन हो उक्त शरीररूपी घरमें मन दूतके वश हो निवास करताहै. अतएव जीवसंयुक्त शरीरको नामही देही है ॥

इति श्रीमनुरचिते दैवज्ञविनोदे सुभाषाविभूषिते सृष्टयुत्पत्तिकथनं नाम प्रथमविनोदः ॥ १ ॥

अथ कालमीमांसां व्याख्यास्यामः ।

मनुष्य देहीके सुखके साधन वेदमें लिखे दर्श पूर्णमास याग और अमुक तिथी, वार, नक्षत्र, योग, करण, लग्न, नवमांशोंमें अमुक काम करनेसे सुख होना वा दुःख होना यह विवेक ज्योतिष शास्त्रसेही जाना जायगा. अतएव

ज्योतिषशास्त्र वेदभगवान्के नेत्र हैं. जैसे नेत्रोंसे वर्तमान वस्तुवोंको मनुष्य देख सक्ताहै वैसे ज्योतिष शास्त्रसे भूत भविष्य और वर्तमान कालकी बातें ज्योतिर्विद् देख सक्ताहै इसी कारणसेही तो इसका नाम कालविधान शास्त्र है. अतएव इस शास्त्रके पढनेवालोंको प्रथम कालज्ञान होना चाहिये. वह काल दोप्रकारसे है अमूर्तकाल १ और मूर्तकाल २ जिसमें अमूर्तकालकी मीमांसा नारदके मतसे लिखतेहैं. भली भाँति मनुष्य सोताहुवा नेत्र खोले उन्हीं नेत्रके खुलती समयके त्रिंशत् भागका नाम एक तत्पर है. और तत्परके शतांशका नाम एक त्रुटि है. एवं त्रुटिके सहस्रांशको एक लव कहाजाताहै. यह लव योगाभ्याससे योगीराजही जान सक्ताहै. बाकी और मनुष्य नहीं जान सक्ता. इति अमूर्तकालकी मीमांसा.

अथ मूर्तकालकी मीमांसा—यह मूर्त कालका वर्णन सूर्यसिद्धान्तसे लिखा जाताहै. स्वस्थ मनुष्यके ६ प्राणका नाम एक पल और ६० पलकी एक घडी. और साठ घडियोंका एकदिन और ३० दिन का एक मास, एवं बारा मासोंका एक वर्ष यह ३६० दिनोंका सावन वर्ष कहलाताहै. और इन सावनदिनके प्रमाण ३६५ दिन १५ घडी ३१ पल ३० विपल यह सौर-वर्ष कहलाताहै. सौर वर्ष क्या १ उक्त दिनादिमें सूर्य घूमके वही ठिकाने आताहै कि, जहांसे चलाथा. और वही सावन दिनके प्रमाण ३५४ दिन, २२ घडी १ पल २३ विपल यह चान्द्रवर्ष कहलाताहै चांद्रवर्ष क्या १ चैत्रशुदि १ से फिर चैत्रवदि ३० पर्यंत यह चांद्रवर्षका भोग है. और उक्त सावनदिनोंके प्रमाणही ३६१ दिन १ घडी ३६ पल ११ विपल यह बार्हस्पत्य वर्ष कहलाताहै. बार्हस्पत्य क्या १ बृहस्पतीका राशिभोग और प्रभवादिसंवत्सरभोग इतने दिना-

---

१ नारदः—स्वस्थेनरेसुखासीनेयावत्स्पंदातिलोचनम्॥तस्यत्रिंशत्तमोभागस्तत्परः परिकीर्तितः ॥१॥ तत्पराच्छतशो भागस्त्रुटिरित्यभिधीयते ॥ त्रुटेःसहस्रभागोयो लवकालः स उच्यते ॥ २ ॥ देवोपितंन जानातिकिंपुनःप्राकृतोजनः ॥ निमित्तमात्रंदैवज्ञतद्वशाच्चशुभाशुभम् ॥ ३ ॥ इति विवाहवृंदावनटीकायां विवक्षितम् ।

दिकोंका है. अब इन सबका प्रयोजन यह है कि, नित्य व्यापार प्रतिदिनके व्याजमें वा अहर्गणादि तो सावनवर्षसे सिद्ध होताहै और वसंतादि ऋतुओंका[1] ज्ञान सौर वर्षसे सिद्ध होताहै. एवं श्रौतस्मार्त कर्म वा गर्भाधानादिगणना चांद्रसेही सिद्ध होसक्तीहै. और संवत्सरादि फलकांक्षा, संकल्पसिद्धि बार्हस्पत्य वर्षसेही सिद्ध होतीहै. अतएव इन चार प्रकारके वर्षादिमानही यहां लिखा-गया. वर्षोंका मान तो औरभी है परंच ग्रंथविस्तृतिभयसें वे यहां नहीं लिखा. उनकी अपेक्षा किसीको हो तो वह सूर्यसिद्धांतमें देख लेवें इति मूर्तकालकी मीमांसा.

अथ कालांगवर्णनम्.—कालभगवान्का आत्मा सूर्य ॥ मन चंद्रमा ॥ सत्व मंगल ॥ वाणी बुध ॥ ज्ञान और सुख गुरु॥ काम शुक्र ॥ दुःख शनी और इसी प्रकारसे कालभगवान्का मस्तक मेष ॥ मुख वृषभ ॥ ग्रीवा मिथुन ॥ हृदय कर्क ॥ उदर सिंह ॥ कटि कन्या ॥ बस्ति तुला ॥ व्यंजन वृश्चिक ॥ ऊरू धन॥जानु मकर ॥जंघा कुंभ॥ पैर मीन॥ अब यहां ध्यान देनाचाहिये कि, सूर्यचंद्रमाके अंतरसे तिथि बनती है और केवल चंद्रमासे नक्षत्र बनताहै. एवं सूर्य चंद्र इन दोनोंके मिलानेसे योग बनताहै. और तिथिका भोग आधा करनेसे करण बनताहै अत एव सूर्य चंद्रमा कालभगवान्के अंग हैं जब तिथि वार नक्षत्र योग करण यह सब पाँचो तो कालांग होनाही चाहिये क्योंकि इनकी सिद्धिभी तो उक्त सूर्य चंद्रमासेही है. इसीसे इन पांचवस्तुवोंके गणित का नाम पंचांग लिखा जाता है.॥

इति श्रीमनुरचिते दैवज्ञविनोदे सुभाषाविभूषिते कालमीमांसावर्णनं नाम द्वितीयविनोदः ॥ २ ॥

---

१ सायनसंक्रांतिसे ऋतुकी प्रवृत्ति होतीहै जैसे मीन मेषसे वसंत १ वृष मिथुनसे ग्रीष्म २ कर्क सिंहसे वर्षा ३ कन्यातुलसे शरद ४ वृश्चिक धनसे हेमंत ५ मकर कुंभसे शिशिरऋतु ६ होतीहै ।

अथ भूगोलवर्णनम् ।

इस ब्रह्मांडको पंचास कोटि योजनके विस्तारमें पुराण शास्त्रकारोंने लिखा है जिसमें भूर्भुवः स्वः महः जनः तपः सत्य यह सप्त लोक और तल, अतल, वितल, सुतल, तलातल, रसातल, पाताल यह सप्त पाताल मिलके चतुर्दशलोकों की स्थिति है और इसी ब्रह्मांडके बीच यह भूगोल (पृथ्वी) नारंगीसदृश गोल है. जिसका गोला ज्योतिषके मतसे ४९६७योजनोंके लगभग है. परंच शास्त्रकारोंने रेखामापसे जो पृथ्वीका माप लिखाहै वही यहां लिखाजाता है. उक्त पृथ्वीके चारदिशामें चार पुर प्रथम वसे हैं. जिसमें पूर्व यमकोटि, १ दक्षिण लंका, २ पश्चिम रोमकपत्तन, ३ उत्तर सिद्धपुर, ४ इनमें दक्षिण लंकासे उत्तर सिद्धपुरपर्यंत जो दक्षिणोत्तर सूत्ररेखा है वह भूमध्यरेखा कहलाती है और पूर्व यमकोटीसे पश्चिम रोमकपत्तनके सूत्रकी पूर्वापर रेखा है जिसे विषुवति रेखा कहते हैं. जिसका वर्णन सविस्तर आगे होगा यहां तो भूमध्यरेखाका वर्णन होरहा है. लंकासे उत्तर१२५ योजन कुमारी कन्या इससे उत्तर८०योजन कांचीपुरी, एवं ३६ योजन किष्किधा जिससे उत्तर ९ योजन परेल ग्राम, जिससे उत्तर १० योजन बासिंव गांम. जिस्से उत्तर ५० योजन उज्जैनपुरी, उज्जैनसे उत्तर१०८योजन कुरुक्षेत्र जिस्से उत्तर ८२४ योजनपर सुमेरु हैं. अब यह दक्षिणोत्तर सारे १२४२ योजन

---

१ अंडमध्यगतःसूर्यो द्यावाभूम्योर्यदंतरं॥सूर्यांडगोलयोर्मध्ये कोटयःस्युः पंचविंशातिः॥इति भागवते. पृथ्वी सांडकटाहेन पंचाशत्कोटिविस्तरा इत्यग्निपुराणे । योजनानां च पंचाशत्कोटिसंख्या प्रमाणतः । ब्रह्मांडस्यैव विस्तारो मुनिभिः परिकीर्तितः । इति महाशिवपुराणे ।

२ पृथ्वीका गोला २५ हजार मैलका सूर्यके गिरद घूमरहाहै. ऐसे इंग्लिशभूगोलोंमे लिखाहै. और शास्त्रकारोंने वीसहजार कोशके लगभग सारी पृथ्वी लिखी. जिससें दोनोंका मत एक मिलताहै. क्योंकि मीलके मापसे शास्त्रके कोश कुछ बडेहैं. परंच पंचसिद्धांतिकाचार्य वराहमिहर कहताहै की पृथ्वी घूमे तो पक्षियोंकूं अपना ठिकाना कहांसे मिले. क्योंकि वे तो हमेश आकाशमेंही रहाकरतेहैं. इससे पृथ्वी अचला है।

३ पुरीराक्षसीतत्वभूदेवकन्याततो नग्रकांचीतुखाष्टप्रमाणैः॥ सितः पर्वतोमंगरामैश्च संख्याततोयोननैर्नन्दभिः पर्यलीस्यात् ॥ ततोयोननैःखेंदुभिर्वत्सगुल्मंखबाणैः सुदूरैरवंतिप्रमाणम् ॥ कुरुक्षेत्रमष्टोत्तरैर्योजनैःसज्जिनैर्नागयुक्तैः प्रमाणैः सुमेरुः इति सिद्धांतसारे. प्रोक्तो योजनसंख्ययाकुपरिधिःसप्तांगनंदाब्धयः इति शिरोमणौ ।

लंकासे सुमेरुतक हुवा और सुमेरुसे उत्तर पारिवेट, मेलविल सौद, आल्व-त्सलांट, लाद, ग्रेत्सलेव, अपावास्का, ब्रिंतिस, आकेगान, वगलानदी, कारि-एतेसकेप, ज्वालापहाड, कार्लिमाज्वलत गालपा गासवेटतक १२४२योजन सिद्धपुर है और सिद्धपुरसे उत्तर सालाईगोमेथ, आल, अलेकसांदवेट, और समुद्र विक्टोरिया लांदसें. ८४०मैल आगे दक्षिण ध्रुवके ठीक अधस्थ १२४२ योजन असुरस्थान है जिससे ऐदर्विलांद, साक्दानल्दसवेट, करग्वे-लनलांद, आमस्तरदामबेट, सेत पालबेट, सेन्ट्रीबेट, और चागास बेटके सूत्रतक घूमके १२४२ योजन फिर वही लंकातक एवं सर्व मिलके भूगोल-योजन ४९६७ के विस्तारमें है और उक्त शहरोंका नाम लिखे वे ठीक मध्य रेखाके समीप वसते हैं. और इन शहरों के सूत्र बीच जो शहर वा ग्राम है उन्हींको भी मध्यरेखाके बीचही समझना चाहिये. जिनका योजनात्मक परिमाण मुझको ठीकठीक नहीं मिला जिससें वे यहां नहीं लिखागया अतएव ज्योतिर्विदोंको उचित है कि, जो मध्य रेखाके ग्राम पूर्वापर जो कि अपनें समीप है उसीकी मध्यरेखा ग्रहणकरै दूरकी न करै. जैसे कि, ढोसी गर्गराट, वैराट इत्यादि ग्रामोंकी इनके समीप वसनेवाले ग्रहण करते हैं अब ध्यान देना चाहिये कि, यह पृथ्वीका भ्रमणहोना आर्यसिद्धांतमें लिखा है और "आयंगौ" इत्यादि वेदमेंभी लिखाहै. बाकी और सिद्धांतोंमें पृथ्वीको अचलही मानाहै.लेकिन चल वा अचल जो हो सो हो ज्योतिर्विदको चल वा अचलसे कुछ प्रयोजन नहीं.ग्रहगणित तो दोनोंसेही समान आसकेगा. उक्त पृथ्वी सूर्यके आकर्षणसत्तासे ब्रह्मांडके बीच ठहर रही है नीचे आधार इस्के किसीकाभी नहीं. यदि आधार मानोगे तो फिरभी उसके नीचे किसी काभी आधार मानना होगा.आखिर थकते थकते पीछे यही कहोगे कि पृथ्वी

---

१ आर्यभट्टः अनुलोमगतिर्नौस्थः पश्यत्यचलं विलोमगं यद्वत् ॥ अचलानिभानितद्वत्समपश्चिम-गानि लङ्कायाम् ।

२ प्रजानान्मित्रोदाधारपृथ्वीमुतद्यांमित्रः कृष्टीरनिमिषाभिचष्टे। यह प्रमाण ऋग्वेदसंहिताके तीसरे अष्टक और चौथी अध्यायके पंचमवर्गमें है ।

स्वशक्त्याश्रित है जिससे पहिलेही स्वशक्त्याश्रित कहना श्रेष्ठ है. जैसे सूर्य चन्द्रादिकभी तो अपनी अपनी सत्तासे ठहर रहेहैं वैसे पृथ्वीभी ठहर रही है. और कितने शास्त्रकारोंने चारों दिग्गज चारों दिशावोंमें लिखेहैं वे यथार्थ हैं.परंच वह दिग्गज भूगर्भ के अधोभागमेंही है बाह्य नहीं.और सप्त पातालरचनाभी उक्त पृथ्वीके उदरमेंही है. जो पृथ्वीके बाह्यके विवर (दरार) हैं वे उन पातालवासियोंके आनेजानेके मार्ग हैं.और शेष वा कूर्मभी उक्त पृथ्वीके उदरहीमें होंगे. वस्तुतः अनेक शास्त्रोंमें जो लिखाहै उसे सत्य नहीं कहना—यह एक अस्मदादिकोंकी भूल है क्योंकि शास्त्रोंकी एक संगति लानी बडी कठिन है. इन बातोंमें बडे बडे आदमी चक्कर खाजातेहैं. तो अस्मदादिलोक तो किस बागकी मूली है. अब आगे देखिये कि, इसी पृथ्वीके चौफेर पशु पक्षी मनुष्य समुद्र, नदी, बन, पर्वत इत्यादि बसरहेहैं. और उन पर्वतोंके बीच जो पृथ्वीहै उसीको खंड बोलते हैं. अब यह दक्षिण समुद्रसे उत्तर समुद्रपर्यंत और पश्चिमसमुद्रसे पूर्वसमुद्र पर्यंत पृथ्वीके अर्धभागकोही शास्त्रवेत्ता जंबुद्वीप कहते हैं. उक्त समुद्रके जल खारा होनेके कारण इसका नाम क्षारसमुद्र रक्खागया.उक्त जंबुद्वीपके नव खंड हैं. और जिसमें अस्मदादि वसते हैं. यह भारतवर्ष कहलाता है. और भरतखंडभी इसीको कहते हैं. जिसकी सीमा पूर्व पश्चिम दक्षिण यह तीन ओर तो समुद्रसे घिरा है.और उत्तरसीमा इसकी हिमालय पर्वत है.वह हिमालय और सब पर्वतोंसे ऊंचा है. ब्रह्मपुत्रनद इसकी पश्चिम सीमासे निकलके तिब्बतके देश हो आया है इन पहाडोंमें हिम अर्थात् बर्फ अधिक रहनेके कारणसेही इसका नाम हिमालय रक्खागया

---

१ वाल्मीकीयरामायणे—खन्यमानेततस्तस्मिन्ददृशुःपर्वतोपमम्॥दिशागजंविरूपाक्षंधारयंतं महीतलम्॥ ब्रह्माके एकदिनमें पृथ्वीके चौफेर एक योजन उंचेतक मृत्तिका चढतीहै. और ब्रह्माकी रात्रिमें वही मृत्तिकाकी हानि होतीहै इसका प्रमाण आर्यसिद्धांते ब्रह्मदिवसेनभूमेरुपरिष्टाद्योजनंभवतिवृद्धिः॥ दिनतुल्ययैवरात्र्यामृदुपचितायास्तदिहहानिः ॥

२ भुगताब्धिजलंक्षारंलवणार्णवसंज्ञकम् ॥ तद्वेलावलयस्थानांसमंताद्यत्रकुत्रचित् ॥ इतितत्वविवेकसिद्धांते। ततः समंतात्परिधिः क्रमेणायं महार्णवः इत्यादिसिद्धांतवाक्योंसे इसी समुद्रसे अनेक समुद्र भेद हुयेहैं ।

इस पर्वतपर पशुपक्षी भी नहीं जासक्ते तो मनुष्य क्योंकर जायगा. आकाशके रहनेवाले बादलभी कटिमेखलासे अधोभागमेंही लटकते रहते हैं. किसी दिन आकाश निर्मलमें बर्फ विनाके ऊँचेसे पहाडचढनेसे चित्तको बडा आनंद आता है. पूर्व पश्चिम दक्षिण यह तीन ओर तो पहाडही पहाड दृष्टिआते हैं कि, जहां अपनी दृष्टि टिके और कितने कितने हाथ लंबे और मोटे जंगली वृक्षोंको हरियाली के मानो उन पर्वतोंको हरित वस्त्र पहनाये हैं. और अच्छी अच्छी नदियोंका पानी इन वृक्षोंकी जडोंमें सूर्यके तेजसे ऐसा चमकता है मानो उन वस्त्रोंको किनारीगोटा लगाये हैं. और समुद्रके तरंगकी तरह ऊंचे नीचे दिखाई देरहेहैं. इन्हीं शिखरोंके उत्तरकी तरफ अर्धचंद्राकार अपनी दृष्टि टिके जहांतक बर्फहीके पहाड दीख पडतेहैं वे पर्वत इतने ऊंचे हैं मानो ईश्वरने आकाशके सहारेके लिये खंभे बनायेहैं. सूर्यके तेजसे ऐसे चमक रहेहैं कि, मानो पृथ्वी अपना हाथ निकालके हीराके जटित कंकण दिखलारहीहै. और अपने पैरोंकी तरफ देखो तो हरित वनस्पती और फूलोंके मानो गालिचे बिछ रहेहैं. इन पहाडोंमें सबसे ऊंचे शृंग धवलगिरीके हैं जिसमेंसे गंडकीनदी निकलीहै जमनोत्रीके पहाड इनसे कुछ उत्तर है. जिसको वहाँवाले पुरगिलनामसे बोलाकरते हैं.और सतलज वा दौली यह दोनों नदियाँ बदरीनाथके पश्चिमपहाडोंसे निकलीहै. और इन पहाडोंकी श्रेणी सिंधुनदसे ब्रह्मपुत्र नदतक चलीगई है.उक्त पहाडों पैं साढेछ-हजार हाथ ऊंचेतक वृक्ष या खेतीवारियां उत्पन्न होतीहैं. इसके ऊपरबर्फही बर्फ है शीतऋतुमें तो छःहजारहाथ नीचे भी कुछ कुछ बर्फपडतीहै. परंच गर्मीके दिनोंमें नहीं पडती. यहांतक मनुष्य पशु पक्षी पहुँच सक्तेहैं. यह अजब महिमा सर्वशक्तिमान् जगदीश्वरकी है कि, एकऋतुमें एकही जगह तीनों ऋतु दरशा रहेहैं पृथ्वीके समीप तो गर्म ऋतुके वृक्ष और जिससे ऊंचा वर्षाऋतुके वृक्ष और उससे ऊंचे पहाड चढदेखो तो शरदृतुके वृक्ष दिखलाई देरहेहैं और बर्फकी हदके समीप जानेपर भोजपत्रके सिवाय कोईभी वृक्ष दि

खलातानहीं. उक्त हिमाद्रि पर्वतोंसे छोटा विंध्याचल इसी भारतवर्ष के मध्यमें है. यह पर्वत खम्भातकी खाडीसे नर्मदानदीके उत्तर जीले भागलपूरमें गंगाके किनारेतक गयाहै. और सह्याद्री विंध्याचलके पश्चिम शिरेसे लेके समुद्रके निकटही निकट कुमारी अंतरीपतक चला गयाहै इसी सह्याद्रीके दक्षिण भागका नाम मलयागिरीहै. और बंगालेकी खाडीके निकटही निकट कावेरी से विंध्यके पूर्वसिरेतक पहाडोंकी छोटी एक श्रेणी है जिससे पूर्वघांट बोलतेहैं. और पूर्वघांटके बीच दक्षिणकी तरफ और जो पहाड है उसीका नाम नीलगिरी है. और शेखावाटीमें मालकेतुकी श्रेणियाँ कितनीही दूरतक चलीगई हैं.और पुष्करतीर्थके चौफेर जो पहाडहै वे अर्वली वा अजयमेरु के नामसे बोले जातेहैं. और उक्त पर्वत अर्बुदाचलकी श्रेणियाँही जानपडतीहैं.और छोटे छोटे पहाड तो शेखावाटीमें कितने स्थानोंपर हैं लेकिन ग्रंथविस्तृतिभयसे वे यहां नहीं लिखेगये उनके नाम उनके समीप वसनेवाले कहकर पुकारतेहैं. वही ठीक हैं.अब जहां इतने बडे बडे पहाड हैं वहां नदीभी जरूर होना चाहिये सो नदी इस भरतखंडमें इतनी मुख्य हैं. जिनका नाम गंगा, यमुना, सरयू, गंडकी, शोण, कोसी, तिष्ठा, चम्बल, सिंधु, झेलम, चनाव, रावी, व्यासा, सतलज, ब्रह्मपुत्र, नर्मदा, तापी, महानदी, गोदावरी, कृष्णा और कावेरी इन्होंमें इस देशकी प्रधान नदी गंगा है यह गंगा गंगोत्रीके पहाडसे चलके और अनेक नदियोंका पानी अपने साथ लेतीहुई पांचकोसके पाटसे कपिलमुनीके आश्रम होके समुद्रसे मिलीहै. जिसको गंगासागरसंगम कहते हैं. और ब्रह्मपुत्र-नद हिमालयके उत्तर अलंग मानससरोवरसे निकलके गंगासे मिलाहै. और यमुना जमनोत्रीके पहाडसें बहके प्रयागमें गंगासे मिलीहै. सरयू और गंडकी कौशिकी और त्रिस्रोता, वा तिष्ठा यह चार नदियां हिमालयके बर्फी पहाडों-से निकलके पहली छपरेके समीप दूजी पटनेके सामने तीसरी भागलपुरके नजदीक चौथी करतोयाने लेतीहुई नवाबगंजके पासही गंगासे मिलीहै. और कर्मनासा एक छोटी नदी काशी और बिहारके जिलेके बीच बहकर

गंगासे मिलीहै. चर्मण्वती वा चंबल और शोण यह विंध्याचलसे चलके पहली इटावेके नजदीक जमुनामें खपीहै. दूसरी सरयू और गंडकीके बीच जाके छपरेकेपास गंगासे मिली है. सिंधू नदी जिसको भाषामें अटक कहते हैं यह नदी हिमालयके पार गारु शहरके पास कैलासपर्वतकी उत्तर अलंगसें निकलके हजार उन्मान कोश वहके पश्चिमसमुद्र में मिली है और झेलम चनाव व्यासा रावी सतलज यह पांचों नदियां हिमालयसे निकलके सब इकट्ठीहो पंचनद के नामसे मिटनकोटके नीचे सिंधुमें मिली है. इन पांच नदियोंके देशका नाम पंजाब कहलाता है उक्त पांच नदियोंमें सतलज नदी हिमालयके उत्तर भागसे मानससरोवरके पास रावणह्रदसे निकली हैं. और बाकी रही वे नदियां हिमालयकी दक्षिण अलंगसे आई हैं झेलम वितस्ता जंगसियालेसे दशकोशनीचे चनावमें मिली है. और रावी जिसका नाम शुद्धऐरावती है वह मुलतानसे वीसकोस ऊपर चलके चनावहीमें मिली है. व्यासा वा विपासा अभयकुंडसे निकलके हरिपत्तनके समीप सतलजमें मिली है. और सतलज जिसका शुद्धनाम शतद्रु है यह नदी मिटनकोटके नीचेही सिंधु में मिली है. चंनाव वा चंद्रभागा हिमालयसे निकलके मिटनकोटसे थोडी दूर जाके खपी है. और नर्मदा शोणके उद्गमस्थानके उत्तरसे निकलके भडोचके पासही खंभाहतकी खाडीमें मिली है. और तापीभी सतपुडा पहाडसे निकलके सूरतसे दसकोस पर पश्चिम समुद्रसे मिली है. महानदी नागपुरके इलाकेसे निकलके कटकके पास अनेकधारा होके समुद्रसे मिली है गोदावरी पश्चिमघांटमें त्र्यंबकसे निकलके बरदा और बाणगंगासे मिलके इनको साथ लेके राजमहेंद्रीके नीचे समुद्रसे मिली है.कृष्णाभी सह्याद्रीके पहाडोंसे सितारेके नजीक मालपर्व गतपर्व भीमा वा भीमरथी तुंगभद्रा इन पश्चिम घांटसे निकली हुई नदियोंको साथ लेके मछलीबंदरके पास समुद्रसें मिलीहै और कावेरी नीलगिरीसें निकलके तिरूचीसे थोडी दूर आगे समुद्रमें मिलीहै. और क्षिप्रानदी उज्जैनके पश्चिम तरफ बहती हुई आगे चलके और नदियोंमें मिलके समुद्रमें मिली है ॥ इति नद्युत्पत्तिः ॥

अथ देशव्यवस्था—अब भारत वर्षके मध्यके और आठोंदिशावोंके जो देश हैं वे क्रमसे यहां लिखे जाते हैं. पूर्व और पश्चिम समुद्रके हिमाचल और विंध्याचलके बीच जो देश बसताहै वह आर्यावर्त कहलाताहै. उक्त आर्यावर्तमें कुरुक्षेत्र पांचाल[1] मत्स्यदेश[2] और शूरसेन[3] इन देशोंको ब्रह्मऋषि देशके नामसे बोलते हैं. और भद्र, अरिमेद, मांडव्य, शाल्वनीक उज्जिहान. संख्यात मांडवार[4] वत्स[5]घोष यामुन[6] सारस्वत[7] मत्स्य माध्यमिक माथुर शूरसेन. उपज्योतिष. धर्मारण्य, गौरमुख, उद्देहिक पांडुगुड अश्वत्थ पांचाल. साकेत कंक कुरु[8] काल कोटि कुक्कुर पारियात्रपर्वत औदुंबर कापिष्ठल[9] हस्तिनापुर यह देश जंबूद्वीपके मध्यमें है॥ और अंजन वृषभध्वज पद्म माल्यवान. व्याघ्रमुखजन; सुह्मदेश, कर्वटासहर चांद्रपुर शूर्पकर्ण खस[10] मगध शबरगिरि[11] मिथिले[12] समतट उड्र अश्ववदन दंतुर प्राग्ज्योतिष[13] लौहित्यनद क्षीरोद[14] पुरुषभक्षक उदयाद्रि भद्र गौडपौंड्र उत्कल काशि मेकल आंबष्ठ एकपद तामलिप्तिक कोशैल[15] वर्धमान यह देश पूर्वके[16] हैं॥ और दक्षिणकोशल कलिंग[17] वंग अङ्ग[18] उपवंग जठरांग शूलिक विदर्भ[19] वत्स आन्ध्र[20] चेदिके[21] ऊर्ध्वकंठ वृषस्थान, नारिकेल, चर्मद्वीप विंध्यपर्वत त्रिपुरीलोक श्मश्रूधर हेमकूट व्यालग्रीव महाग्रीव किष्किन्धा[22]देश कंटकस्थल निषाद[23] राष्ट्र पुरीद दशार्ण[24] शबर पर्णशबर यह अग्निविदिशाके हैं॥ और लंका[25] कालाजिन सौरीकीर्णतालिकट गिरिनगर मलयाचल[26] दर्दुर माहेंद्र मालिंद्य भरु कच्छ कंकट टंकण वनवासी शिबिक फणिकार कोंकण[27] आभीर आकरस्थान. वेणानदी आवंतक[28] दशपुर[29] गोनर्द[30] केरल कर्णाटक महाटवी चित्रकूट नाशिक कोल्लगिरी.

---

१ कान्पुरप्रदेश. २ जयपुरराज्य. ३ कोसी मथुरावगैरे. ४ जोधपुर जेसलमेर राजधानी. ५ हरियाणा. ६ पूर्वयमुनावासी. ७ सरस्वतीके समीपवासी. ८ कुरुक्षेत्र. ९ कैथल. १० खसियालोक. ११ पटनेसे दक्षिणवैराडतक. १२ बंगालेकी ईशानसीमातक. १३ आसाम. १४ ब्रह्मपुत्र. १५ अयोध्या. १६ अयोध्यासे दक्षिणराज्य. १७ बंगालो. १८ भागलपुरसे बंगालेतक. १९ नागपुरका जिला. २० तैलंग. २१ चंदेरी. २२ हैसुरप्रांत. २३ कोलीराज्य. २४ विंध्याद्रिके दक्षिण देश. २५ मालदीवबेटसे पूर्व. २६ मलबार. २७ सूरत मुंबई बीचमें. २८ उज्जेणवासी. २९ मालवखारीनदीसे उज्जेनतक. ३० तंजलीकी जन्मभूमी.

चौल क्रौंचद्वीप जटाधर कावेरीनदी ऋष्यमूक पर्वत मोतीखांन अत्रिऋषीक आश्रम वारिचर धर्मपत्तन गणराज कृष्णवेल्लर पिशीक शूर्पाद्रि कुसुमनगर तुंबवन कार्मण्येक दक्षिण समुद्र तपस्याश्रम कांचीपुरी मरुचीपत्तन चेर्यायक सिंहल ऋषभ बलदेवपत्तन दंडकवन तिमिंगिलासन. भद्रकच्छ कुंजरदरी ताम्रपर्णी नदी यह दक्षिणके देश हैं॥ और पल्हव कांबोज सिंधु सौवीर वडवामुख अरव अंबष्ठ कपिलनारीमुख आनर्त फेणगिरी यवन भाकर कर्णप्रावेय पारशव शूद्रवर्वर किरातखंड ऋव्याश्य आभीर चंचूक हेमगिरि सिंधुनद कालक रेवताचल सौराष्ट्र बादर द्रविडमहार्णव. यह देश नैर्ऋत्यदिशाके हैं॥ और मणिमानपर्वत मेघवान वनौघ क्षुरार्पण अस्ताद्रि अपरांतक शांतिक हैहय प्रणस्ताद्रि बाक्काण पंचनद रमठ पारत तारक्षितिजंग वैश्यकनक शक निर्मर्याद म्लेच्छ यह पश्चिमके देश हैं॥ और मांडव्य तुखार तालहल मद्र अश्मक कुलूत लहड स्त्रीराज्य नृसिंहवन, खस्त, वेणुमतीनदी, लूंका, गुरुहा मरुकच्छ चर्मरंग एकलोचन शूलिक दीर्घग्रीव दीर्घास्य. दीर्घकेश यह देश वायव्यके हैं॥ और कैलासगिरि हिमाचल वसुमान धनुष्मान क्रौंचमेरु उत्तरकुरु क्षुद्रमीन कैकेय वसति उत्तरयामुन भोगप्रस्थ अर्जुनायन आग्नीध्र आदर्श अंतर्द्वीप त्रिगर्त तुरगानन अश्वमुख, केशधर, चिपिटनासिक, दासेरक, वाटधान शरधान,तक्षशिल, पुष्कलावत, कैलावत,कंठधान, अंबर, मद्रक,पौरव,मालव, कच्छदंड, पिंगलक,माणहल,हूण, कोहत; शीतक,मांडव, भूतपुर,गांधार, यशोवंती, हेमताल,राजन्यखचर,गव्य, यौधेय,दासेय,श्यामाकक्षेम,धूर्त,यह उत्तरके देश हैं॥ और मेरुक,नष्टराज्य,पशुपालकीर,काश्मीर,अभिसार,दरद,तंगण, कुलुध, सैरिंध्र, वनराष्ट्र, ब्रह्मपुर, दार्व, डामर, वनराज्य, किरात,चीण,कौणिंद भल्लापलोल जटासुर कुनट खस घोष कूचिक एकचरण अनुविश्व

१ शठकोपकी तपोभूमी. २ आर्यभटकी जन्मभूमी. ३ सिलोनबेट (लंकासमीपवर्तीदेश) ४ सिंधुनदीसें उत्तरदेश ५ अर्बकामुल (मक्कामदीना) ६ पार्शियोंका मुलक. ७ काठियावाड. ८ अहमदाबादसे सोमनाथमहादेवतक. ९ खंदार. १० पिसावर.

सुवर्णभू वसुधन दिविष्ठ पौरव चीरनिवसन त्रिनेत्र मुंजाद्रि गंधर्वलोक यह देश भारत वर्षके ईशानदिशाके हैं ॥ अब शास्त्रीय नामके देशोंका अपभ्रंशनाम हुवा सो लिखते हैं जिसमें दो लीटींके बीचका शुद्धनाम और खाली रहे सो अपभ्रंशनाम समझना चाहिये. (अश्वक्रांत.) युरोप (रथक्रांत सूर्यारिका) आफ्रिका (रमनक) आस्ट्रेलेशिया, (स्वर्णप्रस्थद्वीप.) पालिनेशिया (आवर्तन) ब्रिटन (इंद्रद्वीप) इंदुद्वीप. इंग्लंड (पशुशील भावकच्छ) पोर्तुगाल, (सैनिक, कुकुट) हालेंडबेलजियम (अश्वक, आश्विया) आस्ट्रिया (तामसदेश.) स्पेन (विष्णुक्रांत, आसेचनक) एशिया (कुमारद्वीप, माहेय, स्वरसाभूमि) अमेरिका (रोमपडचेर) रूम (रोमांतःपातिदेश) इटाली (क्रमथ कामला क्रौंच) जर्मनी (मलिया) कुहक, फ्रान्स (मारक) डेन्मार्क (माठक) स्केनडीनेभिया (अणिकतुरस्क) युरोपियन टरकी, (शशिलीना) सिसिली (रथक्रांत) आफ्रिकाखंडके मुलक (मिश्र) मिसर,इजिप्त, (बर्बर) वार्वेरी, (वारुण उपद्वीप राक्षसावास) वोरबना (विष्णुक्रांत) एसियाद्वीप (शक) मुशल (तुरुष्क) टरकी(ग्रामिकतुरुष्क) एसियाइरूस (नैकपृष्ठयुगंधर) लापलेन्ड (तुखार) बुखारा (तालतोषक, तीर्वर्त) तिब्बत (शैलराज्यपार्वत) तार्तार (खस) इरान(हौरव) साइबिरिया (पारद, चीन) महाचीन चीन (कांबोज,आवर्त) आरब (पारस्य,पारसिक) पारस,फारस (शूद्रयवन) मक्का (अपवाह,अप- रांत) मस्कत (केकय) हिरात (सुमित्राद्वीप) सुमात्राद्वीप (सिंहलद्वीप) गांधर्व (स्कलावास) लंका,सिलोन (चंद्रशक) सौम्य, तारकट, मारीचावास न्यूहालंड (ब्रह्मोत्तर, ब्रह्मदेश) बर्म्मा (कुमारिका, भारतवर्ष) हिंदुस्थान; इंडिया (नार्द्धिनाश,कारस्कार) मदीना (पल्हव) काबूल (गांधार)कंधार (मणिद्वीप) जापान (पंचजन्यद्वीप) हेनानद्वीप (गभस्तिमान,मरीचिद्वीप) मिरचद्वीप (नाकद्वीप) नाकरद्वीप (उपमल्वका) मलाकाद्वीप (प्राविंजया) जंतिया (शुर्माशृङ्गदेश) सिंगापुर (कुमारिकानाभिवर्ष) हिंदुस्थान(नेपाल.)

नैपाल. (मरु) मारवाड (स्थल) स्थली; विकानेरराज्य (दरद) भुटान (दरदलिंग) दार्जलिंग (वैराटनाभिवर्ष,मत्स्यदेश) जयपूरराज्य (पंचनद) पंजाव (पांचाल) कान्हपुरप्रदेश (गौरिक,काश्मीर) काश्मीर (कोशल) कोशलदेश अयोध्या (उत्तरकोशल) फयजाबाद (शूरसेनमाथुर) मथुरा (काशी) काशी (वाराणसी) बनारस (कुरुजांगल) कुरुक्षेत्र, थानेश्वर (इन्द्रप्रस्थ) दिल्ली (गंगाद्वार) बद्रिकाश्रम (माया) हरिद्वार (अवंती, विशाला, पुष्करवर्तिनी, उज्जयिनी) उज्जेन (गुर्जर) गुजरात (कांची) कर्णाटक (माहिषिक) म्हैसूर (कोंकण) मुंबई (बर्बर किष्किन्धा) तुंगभद्राकिनारे (केरल) विंध्यसें पश्चिमदेश (मलय मोरिया) मलबार(उत्कल) उडीसा, श्रीक्षेत्र (औड्र कटक) कलिंगमाहेंद्र उडीसाकेसमीप (सौराष्ट्र) अहमदाबाद,सोमनाथ (महाराष्ट्र) पूना (द्राविड) पूर्वघांट (सिंध)सिंधुदेश (महोदय,कान्यकुब्ज) लखनौसमीपवर्तिदेश (पाटलपुत्र,बौद्धराजधानी) पटना (अंग) राजमहल (कर्णराज) चंपा भागलपुर कर्णराजधानी आराप्रभृतीदेश (पौंड्र) मेदिनीपुर (उपवंग) मैमनसिंहप्रदेश (वर्द्धमान) वर्दमान (वंग) मालदह मुर्शिदाबाद, नदिया, कलकत्ता (गौड) ढांका, पावना, वगुडा, राजशाही, फरीदपुर (सुह्म) चाटगांव (प्राग्ज्योतिष, कामरूप) आसाम चेदी टिपुरा. (कुमारद्वीप) अमेरिका (उत्तरकुमार) उत्तर अमेरिका (दक्षिणकुमार) दक्षिणअमेरिका द० अ०७८ (तलह) ब्राजील (हिरण्यपुर) पेरु (मुनिदेश,तावसदेश,ताम्रद्वीप) ग्रीनलेन्ड॥ अब जानना चाहिये कि"विपाशैरावतीतीरे" और "रेवापूर्वगंडकीपश्चिमे" और "अश्विन्यामुदितः केतुर्हन्यात्सलंकपालकम् ॥ भरण्यांचकिरातेशम्" इत्यादि वचनोंके प्रयोजन सिद्ध होनेकेलिये नदी पर्वत और देशोंका नाम यहां लिखागया जिससे अमुकदेश अमुक ठिकाने है ऐसा ज्योतिर्विद सहजही जान लेवेंगे. शेष और देश नदी पर्वत समुद्र वगैरे न लिखा सो भूगोलका नकसा देखके जान लेवेंगे इति देशव्यवस्था ॥

अथ दिग्व्यवस्था—उक्तदेश व्यवस्था तब मालुम होगी जब कि, प्रथम ज्योतिर्विद सूर्यके उदयास्त होनेका मार्ग जानता होगा क्योंकि पूर्व पश्चिम दक्षिण उत्तर यह दिशा और आग्नेय नैर्ऋत वायव्य ईशान विदिशावोंका ठीक-ठीक मालूम सूर्यउदयास्तसेही हो सक्ताहै अतएव सूर्यके उदयास्त मार्गोंका वृत्तांत यहां लिखा जाताहै. उक्त सूर्य जिस मार्गसे आकाशमें घूमताहै उसीको नाम क्रांतिवृत्त है यह क्रांतिवृत्त पृथ्वीकी पूर्वापरकी सूत्रकी विषुवती रेखासे चौवीस अंशतक दक्षिणोत्तर झुकरहा है और सायन मेष तुलाकी संक्रांतिमें तो विषुवती रेखाके सूत्रही सूर्य घूमता रहता है परंच मकर और कर्कमें चौवीस अंश उत्तर दक्षिण विषुवती रेखासे दूरपर जाता है अतएव जिधर रवि उदय हो वही पूर्वदिशा अस्त होवे वही पश्चिमदिशा और सूर्योदयके सन्मुख मुँहकिये दहना हाथ जिधर हो वह दक्षिणदिशा और वामभागकी तरफ उत्तर दिशा है. और इन दिशावोंके बिचले भागोंको विदिशा जानना. जैसे उत्तर पूर्वके बीचका नाम ईशान वैसेही पूर्व दक्षिणके बीचका नाम आग्नेय और दक्षिण पश्चिमके बीचका नाम नैर्ऋत, पश्चिम उत्तरके बीचका नाम वायव्य विदिशा है.॥ जानना चाहिये कि, जैसे दिशावोंका ज्ञान सूर्यसे हो सक्ताहै वैसेही दिन रात्रिके घटबढका और सरदी गरमीका ज्ञान भी सूर्यसे ही होसक्ताहै क्योंकि विषुवती रेखासे चौवीस अंशके अंतरसे सूर्य घूमताहै यही उनका कारण है. और इन अंशोंका नामही क्रांति है.॥ यहां विषुवती रेखाके पूर्वापरसूत्रका देश वगैरे कुछ लिखाजाताहै: (कोलंबो) लंकामाले मंगादोस्को, वारिगाम, विक्टोरियागाम, धाकटालूत जिगमू (रोमकपत्तन.) सानलोमें बेट, मारानावो, गोआस्म, नेग्रानदी, मादा, पिचित्राज्य, (सिद्धपुर) पानामायेव, पिचिंचाज्वलित, गालपागासबेट, नाकरबेट, वूक, जार्विस (यमकोटी) वैरन. इमंदबेट, मातेवर्दावदीबेट, दामपीर, सामुद्रधुनी, जिलांलो बेट, मेसकापास, तामिंग; वार्निवो, शिंगापुर, सुमोच और निवास टोंकसे चलके बस वही लंकामें जा मिली॥ उक्त विषुवती रेखासे तिरछा होके रवि

यदि दक्षिण भागको जावेगा तो वह दक्षिणायन कहलावेगा. और उत्तर को जानेसे उत्तरायण कहलावेगा. अयननाम घरका है. यह सूर्यके घूमनेकी सडक मेष और तुलामें तो विषुवती रेखासे मिली हुई है और उक्त राशियोंसे आगे चल कुछ कुछ तिरछी चलती चलती दक्षिणकी तर्फ मकरके ठिकाने २४ अशंके अंतरमें है और कर्कके ठिकाने २४ अंशतक उत्तरकी ओर तक दूरगई है. अब यहां ध्यान देनाचाहिये कि, आकाशमें नलिकासे वा दुर्बीनोंसे देखो तो यह सारे ग्रह सायन दीख पडते हैं. और संसारमें व्रतोपवासादि वैदिक धर्म साधनेके लिये निरयन गणित लेना पडताहै. क्योंकि सूर्यसिद्धांतादि जो सिद्धांत ग्रंथ हैं उन्हीं में निरयन गणितको ही सविस्तर लिखा और मानाहै. इन्हों में अयनगति अलग दिखलाई गईहै अतएव गणित दो प्रकारसे है. दृश्य १ अदृश्य २ जो दृश्य गणित है सो सायन कहलाता है और अदृश्य है वह निरयन गणित कहलाता है जब किसी दिन ग्रहोंका उदयास्तादि अपने आँखोंसे देखनेकी इच्छा होवे तब सायन गणित करना पडता है. नहीं तो निरयन गणितके पंचांग बने हुये प्रचलित सब होही रहेहैं कितने भोले भाले मनुष्य कहाकरते हैं साहब सिद्धांतके गणितमेंभी अंतर आने लगगया. क्योंकि पंचांगवालोंके शुक्रादि ग्रहोंके उदयास्त और ग्रहण अब ठीक ठीक नहीं मिलता परंच वह यह नहीं जानते कि, सिद्धांतका गणित तो जो पहिले था सोई अब है परंच ग्रहकी अयनगति ठीक होनी चाहिये क्योंकि अयनगति सदा एक नहीं रहसक्ती काल पाके अयनगतिमें कुछ अंतर आजाताहै इसलिये यहां अयनगतिके प्रत्यक्ष लानेकी विधी लिखते हैं. अयनांश देखनेवाला मनुष्य सहरके बाहिर कहीं भी जहां किसी वस्तुकी ओट न हो तहाँ जलवत्समान भूमि शोधके प्राची साधन करै. फिर उक्त भूमिमें

---

१ अयनविषयेभचक्रंपश्चिमतईश्वरेच्छयाप्रथमतः कतिचिद्भागैश्चलतिततः परावृत्य यथास्थितंभव तिततोपितद्भागैः क्रमेणपूर्वतश्चलतिततोऽपिपरावर्त्य यथास्थितमित्येकोविलक्षणोभगणः.

२ त्रिंशत्कृत्वोयुगेभानांचक्रंप्राक्परिलंबते. इति सूर्यसिद्धांते ।

प्राकारसे वृत्त निकालके उसमें द्वादश राशिके समान चिह्न निकाले और एक एकराशिके बीच तीस तीस अंशोंके चिह्न करे फिर उस वृत्तके मध्यभागमें द्वादशांगुल शंकू जो कि, अधोभाग जिसका पुष्ट और ऊर्ध्वभागसे तीखा जब रात्रिदिन बराबर हो उस दिन रक्खे फिर उक्त शंकूकी छाया प्रतिदिन देखता रहै. छः मासके लगभग जिस दिन छाया चलती पीछी हटेगी वही अयनका स्थान शुद्ध है. और उसके देखनेकी दूसरी विधि यह है कि, नलिकायंत्रसे स्पष्ट किया हुवा ग्रह और सिद्धांतसे स्पष्ट किया जो ग्रह इन दोनोंका अंतरका जो गणित है वही शुद्ध अयनांश कहलाताहै. अयनांश चीज क्या है.१ ग्रहकी स्थिति बिंब और प्रकाश बिंबके अंतरका नामही अयनांश है॥ इति दिग्व्यवस्था॥

अब जानना चाहिये कि, सूर्य उत्तर गोलपर जानेसे विषुवती रेखाके उत्तर के देशोंमें क्षितिजके समीपताके सबबसे जल्दीही उदय होता दीख पडताहै. और पश्चिममें अस्त होनेके समय क्षितिजके निकटताके कारण कितनी देरीतक दीखताचलाजाताहै. इसीसे सायन मेष संक्रांति प्रारंभसेही दिन बड़ा और रात्रि छोटी होने लगती है. जितना विषुवती रेखासे उत्तर देश दूर होगा उतनाही उत्तर गोलमें दिन जियादह बढेगा जैसे लंका विषुवती रेखाके ऊपर होनेसे वहां तो दिनरात्रि समानही ३० घडीका सदैव होगा. फिर लंकासे उत्तर उज्जैनमें ३३ घडी और राजपूतानामें ३४ घडी और पंजाबमें ३५ घडी आगे फिर जहां जहां उत्तरके मूलक विषुवती रेखासे दूर पडता जायगा त्योंत्यों दिन बढता चलाजायगा. और रात्रि घटती जायगी. कितने अंग्रेजी भूगोल जाननेवाले लोग कहतेहैं कि, रूसके राज्यके उत्तरभागमें कितनेदिनों-तक सूर्य आषाढ महीनेमें दिखलाई देता रहताहै. रात्रि नहीं होती. और जिस-के आगे ध्रुवके वृत्तमें शीत अधिक होनेके कारणसे समुद्रका पानी जमारहता

१ सायनरविसे अयन और गोलभेद जानाजाताहै. मकरके रविसे उत्तरायण. कर्करविसे दक्षिणायन और मेषके रविसे उत्तरगोल तुलाके रविसे दक्षिणगोल कहलाताहै।

२ उत्तरअक्षांश ८२ और दक्षिणअक्षांश ७८ के आगे शीतअधिकताके कारण मनुष्य नहीं जासक्ता बस यहांतक मुल्क बसताहै।

है. वहां कितने महीनोंतक दिन होते चले जाते हैं. उस समुद्रको आर्तिक नामसे वे लोग पुकारतेहैं. और अस्मदादिकोंके शास्त्रोंमें उत्तर ध्रुवके नीचे सुमेरु लिखाहै वहां उत्तर सूर्य में छः महीनेका एकदिन होना. यह एक शास्त्र-सिद्ध बात तो हैही परंतु प्रत्यक्ष प्रमाणसे भी ठीक मिलताहै. और ऐसेही जब दक्षिणगोल (सायनतुल)का सूर्य होगा तब उक्त मुल्कोंमें दिन घटता जायगा और रात्रि बढती चली जायगी. जहां छः महीनों तक दिन दिखलाई देताहै वहां छः महीनोंतक रात्रि ही बनी रहेगी सूर्य न दीख सकेगा. सूर्य दक्षिणायनमें लंकासे दक्षिण ध्रुवके ठीक नजदीक छः महीनोंका एकदिन होना शास्त्रकारोंने लिखाहै सबब कि, उस स्थानको असुरस्थान मानाहै अबके इंग्लिश भूगोल जाननेवाले लोगभी कहा करते हैं कि, दक्षिणध्रुवसे ८४० मैल ओछा विक्टोरिया ल्यांडमें पूस महीनेमें सूर्य कितने दिनोंतक दिखलाई देतारहताहै. रात्रि नहीं होती परंतु सूर्य दूरपर जानेके सबब वहां का समुद्र ठंढ़से जमा रहता है, वहां पासिफिक समुद्रकाही नाम भेदसे दक्षिण महासागर बोलाजाताहै. फिर जब सूर्य दक्षिण अयनको त्यागके उत्तर अयनको आवेगा तो वहां प्रतिदिन रात्रि बढती जायगी. दिन घटता घटता जब रवि उत्तर गोलपर पहुँचेगा तब तो दिनरात्रि समान ३० घडीके होजायँगे. ऐसेही जिन मुल्कोंके समीप सूर्य आवेगा वहां गरमी अधिक पडेगी. और उन मुल्कोंसे सूर्य दूर पर जानेके सबबसे वहां शरदी विशेष पड़ेगी. और इसी कारणसे वहां पानी का बर्फ होजायगा. यह शरदी गरमीके न्यूनाधिक्यका और दिन रात्रि छोटा बडा होनेका मुख्य कारण एक केवल सूर्य है और उसी के प्रकाशसे सब विश्व प्रकाशित होरहा है

१ मेरुर्योजनमात्रः प्रभाकरो हिमवता परिक्षिप्तः । नंदनवनस्य मध्ये रत्नमयःसर्वतो वृत्तः । इति आर्यभट्टः ।

२ भूमिके पश्चार्धगोलमें जल जियादह है. और ज्वालामुखी पर्वतोंमें आग धनक रहीहै 'मेरुस्थलमध्ये नरको बडवामुखश्च जलमध्ये' इति आर्यभट्टः ।

और उक्त भूगोलका संक्षिप्त वर्णन जो हमने किया है उसमें कहीं भूल हो वह पंडित लोग सुधार लेवेंगे. क्योंकि सर्वज्ञ तो एक ईश्वर है.

इति श्रीमनुरचिते दैवज्ञविनोदे सुभाषाविभूषिते भूगोल-
वर्णनंनाम तृतीयविनोदः ॥ ३ ॥

अथ खगोलवर्णनम्—इस खगोलकी रचना ऊंचेसे ऊँचे कहांतक कि, जहां तक सूर्यका प्रकाश पहुँच सक्ताहै परंतु मुझको तो नक्षत्रकक्षातक ही खगोल रचना यहां कहनीहै. जिसका गणित विशेष करके सूर्यसिद्धांतसे लिखा जाताहै. और कोई बातें इसमें कहीं विशेष शास्त्रोंसे लिखनी होगी तो उनका प्रमाण उसी जगह दिया जावेगा. अब ध्यान देना चाहिये कि, इस ब्रह्मांडकी उत्पत्तिके ४७४०० दिव्य वर्षोंके पीछे सूर्यादि ग्रह अपनी अपनी कक्षा वृत्तमें चलने लगेहैं क्योंकि उक्तदिव्य वर्ष सृष्टिकर्ताको देव दैत्य चराचरकी सृष्टिरचते लगगये जब सृष्टिरचना करे पीछे इनके कालज्ञान होनेके लिये अपने नेत्रोंकी तेजज्योतिपुंजके प्रकाशमानबिंबरूप सूर्यको निजकक्षावृत्तपे चढाके प्रवह वायुसे आकाशमें घुमाया. जब प्रवह वायुसे प्रेरित हुवा सूर्य इसी पृथ्वीपे वसनेवाली प्रजा जो कि, लंका आदिमें थी उसको दीख परा जिससे वारोंकी गणना प्रथम रविवारसे होती है. फिर व्रतोपवासादिवैदिक धर्म साधनकेलिये और मृदुप्रकृतिवाली प्रजाको सुख उपजानेके लिये अमृतमयी मीठे जलको अपनी मानसी शक्तिसे बिंबरूप दृढ करके उसका नाम चंद्रमा धरके प्रवह वायुसे आकाशमें निजकक्षामें घुमाया. जब उक्त चंद्रमा सूर्य तेजको धारण करके प्रतिदिन प्रकाशवृद्धि करते हुवे चित्रानक्षत्रपे पहुँचके पूर्ण शरीरको धारण किया. जिससे मासका नाम चैत्र रक्खा गया. अतः मासोंकी गणना प्रथम इसीसे होतीहै. और ग्रहोंका. मेषराशिके प्रथ-

---

१ पुराणसौरागमभूसदैका तद्योजनानां किल मानभेदात् ।

२ तेजसां गोलकः सूर्यो ग्रहर्क्षाण्यंबुगोलकाःप्रभावंतो हि दृश्यंते सूर्यरश्मिप्रदीपिताः ।इति तत्वविवेकसिद्धांते ।

मांशसे चलना शुरू हुवा. जिससे राशियोंकी प्रथम मेष आदिसे गणना चली. और प्रतिदिनकी रात्रि चंद्रमाके प्रकाशसे शुक्लहुई जिससे शुक्लपक्षसे प्रथम गणना चली. और उक्त सूर्य चंद्रमाके सबबही प्रतिपदादि तिथि अश्विनी आदि नक्षत्र और विष्कुंभ योगादिकोंकी गणना चलीहै. जानना चाहिये कि, प्रवहवायु उत्तर ध्रुवके और दक्षिण ध्रुवके बीचमें षष्टिघट्यात्मक भचक्रको पूर्वसे पश्चिमतरफ घुमारहा है और ग्रहोंके कक्षावृत्त अपनी२गतिके कारण पूर्वको चल रहे हैं. परंच पश्चिमकी तरफही चलते दीख पडते हैं. जैसे कुम्हारके चक्रपै विलोम चलती हुई चींटी चक्रके गतिके मुवाफिक चलती दीख पडती है वैसेही ग्रहोंके दीखनेका हाल है. अब प्रत्यक्ष प्रमाणोंसे क्या यह बात मिथ्या हो सक्ती है कि, ऐसे नहीं चलते हैं? देखिये कि, प्रथम अश्विनी नक्षत्रके तारोंका उदय होके पीछे भरणीके तारे दीख पडेंगे. तो कहो जी! ग्रह अश्विनी भोगके फिर भरणीको भोगेगा कि, नहीं? यदि अश्विनी भोगके फिर भरणीका भोग करेगा. तब तो पश्चिमसे पूर्वको ग्रहका चलना स्वयं सिद्धही है. और उक्त ग्रहोंके मंदोच्च शीघ्रोच्च पातादिकोंके वृत्त सब प्रवहरूपी रश्मिसे बँधे हुये हैं. वे अपनी मर्यादाके विशेष इधर उधर कभी नहीं होसक्के और यह भू वायु (पृथ्वीकी पवन) केवल पृथ्वीसे १२योजन ऊँचेतक है. यहांतक गये हुये मनुष्य पशु पक्षीभी पीछा आ सकेगा परंतु इससे ऊँचे प्रवहवायुके भीतर जब कभी कोई जावेगा वह फिर पृथ्वीपै पीछा न आवेगा. जैसे महाभारतमें भीमसेनने हस्तियोंको फेंकाथा और वे पीछे नहीं आये. क्योंकि इन दोनों पवनोंके धर्म इसी ढंगकेहैं पृथ्वी की वायु तो सर्व वस्तुवोंको पृथ्वीकी तरफही आकर्षण करता है और आकाशका पवन आकाशकी ओर ऊँचेकोही आकर्षण करता है. हाँ कोई अपने योगबलसे तो बेशक इन दोनों पवनोंको रोकटोकके पृथ्वी की ओर आकाशकी वस्तुवोंको एकमेक करसकेगा नहीं तो ऐसा होना मुश्किल है॥ और अब इसके आगे सूर्य चंद्रमा एक एक राशिके स्वामी हुए. और ग्रहोंको दोदो राश्यधिकार क्यों कर मिला उसका हाल यहां लिखाजाताहै. ॥ यह

आकाशमें मेष वृषादि राशियोंके नामसे बारह जातके मुल्क समझना चाहिये इन मुल्कोंमें जो प्रधान मेष वृषादि वा सिंह मिथुनादि देव मनुष्य पशु पक्षि-आदि बसतेहैं वे मुल्क उन्हींके नामसे बोले जाते हैं. जब सूर्य चन्द्रादिक ग्रहोंको अपनी कक्षापर सृष्टिकर्ता ने उपस्थित किया तब सूर्य और चन्द्रमा इन दोनोंने राशियोंके मुल्क आधे २ लेलिये विषमराशियोंके छ मुल्क तो सूर्य ने लेलिये और सम छः मुल्कोंका राश्यधिपति चन्द्रमा[1] हुवा. फिर बुध शीघ्रगतिसे दौडके चन्द्रमासे राज्य मांगा तो कन्याका राज्य तो बुधको चन्द्रमाने दिया और मिथुनका राज्य रवि देतेभये फिर इसीही तौरसे शुक्र राज्याभिलाषाकरके दोनोंको कहा जिससे चन्द्रमाने वृषभका राज्य दिया और रवि तुलाका राज्य दिया और तत्पश्चात् मंगलनेभी राज्याभिलाषासे याचना करी तब चन्द्रमाने वृश्चिक का राज्यदिया. और सूर्यने मेषका राज्यदिया. इससे मंदगतिसे चलके गुरुभी सूर्य और चन्द्रमासे जामिला और राज्यस्पर्धा जताई तब मीनका राज्य चन्द्रमाने और धनका राज्य रविने देदिया फिर अतिमंदगामी शनैश्चरजी दोनोंसे जा कहा कि, कुछ राज्य तो मुझको भी चाहिये इस बातपर ध्यान देके चन्द्रमाने मकरका राज्य और रविने कुंभका राज्य शनैश्चरको देदिया इसी कारण उक्त सूर्यके एक सिंहका राज्यही शेष रहा. और चंद्रमाके केवल कर्कका राज्य अवशेष रहा ॥

इसके आगे ग्रह जियादा कम क्यों चलते हैं वह हाल यहां लिखाजाताहै ॥ यह उक्त ग्रह अपने अपने लोकोंमें वसकर अपनी अपनी कक्षावों (सडकों) पै घूम रहेहैं. और वे कक्षा सब बारह राशियोंके सूत्रभाग जो कि, आकाश कक्षासे पृथ्वीपर्यंत आये हैं. सो खर्बूजके फलकी रेखावत् विभागोंसे विभूषित हैं. अब ध्यान देना चाहिये कि, जैसे खर्बूज की लकीरें नाकेके समीप तो

१ जब चन्द्रमा पृथ्वीपे सूर्यास्तहुये पीछे दीखताहै तब सूर्यसे ऊँचा दीखताहै जिसे व्यासजीने चन्द्रमंडल सूर्यसे ऊंचा मानाहै परन्तु वास्तवमें सूर्यसे चन्द्रमण्डल नीचाहै ॥ ऊर्ध्वाधरत्वंपरिकल्प्य शङ्कोर्वशेन यो दृश्य विधुः सदोर्ध्वः ॥ सर्वोर्ध्वगोर्कस्तदधोऽस्त्यवश्यं व्यासेरितं चेत्थमपि प्रमाणम् ॥ इति तत्त्व विवेकसिद्धांते ।

ऐक्य हो जावें और ऊँचे मध्य भागमें जियादा अंतर होना ऐसेही राशि-योंके विभागोंकी और ग्रहोंकी नीची ऊँची कक्षावोंकी व्यवस्था है प्रथम चन्द्रमाकी कक्षा पृथ्वीसे ५१५६६ योजन ऊंची जिससे चन्द्रमाकी राशि एकके भोगमें केवल सवादो दिन लगते हैं. इससे ऊंचा बुध शीघ्रमंडल है. जो कि, पृथ्वीसे १६६०३२ योजन है जिससे चन्द्रमासे बुधको राशि भोगमें दिन जियादा लगता है यही रीतिसे ऐसे ही ऊंचा ४२४०८८ योजन शुक्रमंडल है. फिर ऊंचा ६८९३७७ योजन सूर्यमंडल है और १२९६६१९ योजन ऊंचा भौममंडल है और८१७६५३८ योजन ऊंचा गुरुमंडल है. और २०३१९०७१ योजन पृथ्वीसे सब ग्रहों से ऊंचे शनि कक्षा है. जिसको राशिभोगमें सब ग्रहोंसे दिन जियादा लगता है. जिस ग्रहका लोक पृथ्वीके निकट होगा उसीको राशिभोगमें दिन कमती लगेंगे और जिस ग्रह का ऊँचा लोक है जिसको राशिभोगमें दिन जियादा चलना पडेगा और पृथ्वीसे सबसे जियादा ४१३६२६२६५८ योजन ऊंची नक्षत्र कक्षा है. और इसके फिर आगे राशिलोक जिससे आगे जनलोक उसके आगे तपलोक उसके आगे सत्यलोक उसके आगे ब्रह्मांडकी कक्षा है कि, जहांतकही सूर्यका प्रकाश जा सक्ता है.

इति श्रीमनुरचिते दैवज्ञविनोदे सुभाषाविभूषिते खगोलव्यवस्था-कथनं नाम चतुर्थविनोदः समाप्तः ॥ ४ ॥

अथ सृष्टयाद्यहर्गणं व्याख्यास्यामः ॥ जिस दिनसे सूर्यादिग्रह अपनी कक्षा वृत्तमें घूमनेको शुरू हुये हैं उसीदिनसे लेके और अपने अभीष्टदिनपर्यंत जितने दिनोंका समूह है वह सृष्टयाद्यहर्गण कहलाता है विक्रम संवत् १९४९ शालिवाहन शके १८१४ चैत्रशुक्ला १ भौमवारके दिन इस ग्रंथका जन्म हुवा उसीसे उक्त दिनका अहर्गण लिखाजाताहै अब उक्त दिनोंसे पहले ब्रह्म-देवजी ५० वर्षके होचुके उक्त ब्रह्माके एकदिनमें १४ मनुराजा होते हैं,

जिन्होंका नाम स्वायंभुवमनु १ स्वारोचिष २ उत्तमौज३ तामस ४ रैवत ५ चाक्षुष ६ वैवस्वत ७ सावर्णि ८ दक्षसावर्णि ९ ब्रह्मसावर्णि १० धर्मसावर्णि ११ रुद्रसावर्णि १२ देवसावर्णि १३ इंद्रसावर्णि १४ इन उक्तराजाओंमें एक राजा ७१महायुगतक राज्य करता है वह सत्ययुग१७२८००० त्रेता १२९६००० द्वापर ८६४००० कलियुग ४३२००० इन चारोंयुगोंके इकट्ठे वर्षों४३२००००कानाम महायुग कहलाता है उक्त महायुगके वर्षोंको ७१ से गुणनेसे एक मनुके राज्यके वर्ष होते हैं और दो मनुके बीच की संधिके वर्ष सत्ययुगतुल्य हैं. इन १५ संधिके वर्षोंको और चौदह मन्वंतरोंके वर्षोंको इकट्ठा करनेसे एक ब्रह्माका दिन कहलावेगा और दिनतुल्यही रात्रि होती है. इसीही क्रमसे ब्रह्माके५० वर्ष बीतके इकावनवें वर्षका पहिला दिन बीतरहाहै.इसीदिनमेंभी६मनु राज्य करचुके उन्हींके वर्ष१८४०३२०००० और संधिसात ७ के वर्ष १२०९६००० इतने गतहुये हैं. फिर महायुगों २७ के वर्ष११६६४००००इतने बीते और तीन युगोंके वर्ष३८८८००० इतने गतहुयें हैं अब अष्टाविंशतितम कलियुगके गत वर्ष४९९३और वे सब वर्षोंको इकट्ठा करनेसे सृष्टचब्द १९५५८८४९९३ इतने हुये इन वर्षोंका अहर्गण ७१४४०४१२०३४९ यह हुवा जिससे रवि बुध शुक्र११।१५। १३।५० चंद्र ०।३।१७।२२ मंगल ७।१५।३९। ४५ गुरु ११।१४।३७।३५ शनि ४।२४।०।० राहु १ ।०।२५।५९ यह मध्यमग्रह हुवा. ॥और सूर्य ११।१७।१४।१७ चंद्रः ०।३। २३।१९ मंगलः ८।१४।४५।३५।बुधः ०।३ ।२१।४१ गुरुः ११ । १४ । ० । १२ शुक्रः १ । १ । ५० । ५८ शनिः ५ । ० । १ । ० राहुः १।०।२५।५९ यह स्पष्ट ग्रह ४५।१८ के इष्टपे हैं. अब देखिये कि, उक्त अहर्गणादिकोंका भिन्नभिन्न उदाहरण कियेबिना सिद्धांतगणितकी समझ नहीं होसक्ती जिसके लिये पूर्वाचार्योंका कियाहुवा उदाहरण यहां भिन्न भिन्न लिखा जाता है. शके

१५०६ वैशाखशुक्ल ६ रविवारके दिन ७१ महायुगों से छैः मनुवोंके वर्ष-गुणे ४२६ हुये फिर एक महायुगके ४३२०००० वर्षोंसे उनको गुणनेसे मनुके वर्ष १८४०३२०००० इतने हुये. संधि ७ के वर्षों १२०९६००० को जोडनेसे ससंधि छेंमनुवोंके वर्ष १८५२४१६००० इतने गये फिरसप्तम-वैवस्वत मन्वंतरके सप्तविंशति महायुगोंके वर्ष ११६६४०००० उक्त वर्षोंमें जोडनेसे ससंधि षट् मन्वंतर सहित सप्तविंशति महायुगपर्यंत के १९६९०५६००० गतवर्ष हुये अब (अष्टाविंशति) अट्ठाईसके महायुगमें सत्ययुग १ त्रेता २ द्वापर ३ तीन युगगत हुये जिसमें सत्य युगका वर्ष १७२८००० पूर्वोक्त वर्षोंमें योगकरनेसे सृष्टिआदिसे सत्ययुगपर्यंत १९७०७८४००० इतने वर्ष गत हुये.जब ब्रह्माके सृष्टि रचनेके दिव्य वर्षों ४७४०० को ३६० से गुणा जब १७०६४००० मनुष्यवर्ष हुये. यह पूर्वोक्त वर्षोंमें हीन करनेसे १९५३७२०००० इतना अवशेष रहा. इन्हों में त्रेता १२९६००० द्वापर ८६४००० कलिगतवर्षप्रमाण ४६८५ इन तीनोंके वर्ष २१६४६८५ जोडनेसे[१] सृष्टयादि वर्ष १९५५८८४६८५ इतने गतहुये॥

अथ अहंगणानयनम् ॥ उक्तसृष्टिवर्षों १९५५८८४६८५ को १२ से गुणा जब २३४७०६१६२२० इतने मास हुए इन्होंमें एक मास जोडा जब २३४७०६१६२२१ यह मासगण हुवा. इसको दो जगह रखके फिर एकको सृष्टयधिमासों १५९३३३६ से गुणनेसे ३७३९६५७७६७७६७१०३२५६ इतने हुये. इन्होंके सूर्य मासों ५१८४०००० के भागसे सृष्टिआदिसे अहर्गणपर्यंत अधिमास ७२१३८४६०१ इतने गत हुये इन्होंको दूसरी ठौरके अंकमें जोडनेसे स्पष्टमासगण २४१९२०००८२२ हुवे उक्तमासगणको ३० गुणनेसे ७२५७६००२४६६० यह

---

१ कलिगतवर्ष लानेकी विधि. कलिके प्रारंभसे ३०४४ युधिष्ठिरके शाके. पीछे १३५ विक्रमका शाका रहा जिस वर्षमें अहर्गण लावे वह शालिवाहन गतशाकेके वर्षम पूर्वोक्त वर्ष जोडनेसे कलियुगके गताब्द होतेहैं।

दिन हुये इनमें गततिथि ५ जोडी जब ७२५७६००२४६६५ यह हुये. इन्हींको दो जगह रखके एकको सृष्टितिथिक्षयदिनों २५०८२२५२ से गुणे तो. १८२०३६९५८३०१७३७४५५८०यह हुये इन्हींके सृष्टिचांद्र दिनोंके १६०३००००८० भाग देनेसे सृष्टिरचनासे अहर्गणपर्यंत क्षय-तिथि ११३५६०१६७९४ इतनी आइ इन्हींको पूर्वोक्त दूसरी जगेके अंकमें हीनकरणेसे अहर्गण सावन ७१४४०००७८७१ यह हुवा. उक्त अहर्गण सत्यासत्य परीक्षाकेलिये ७ भागसे अवशेषित अहर्गणसे १ रहा जिससे रवि-वार जिस दिन होनेसे यह अहर्गण सत्य ह.

अथ मासपतिवर्षपत्योरानयनम्.—अहर्गण७१४४०४००७८७१इस के ३० भागसे लब्ध २३८१३४६६९२९ हुये इनका द्विगुना—४७६२ ६९३३८५८ यह हुवा और इसमें १ और जोडा जब-४७६२६९३३८ ५९ यह हुवा इन्हींको सप्तावशेषित किया जब १ रहा जिससे मासेश्वर सूर्य हुवा. जिसका गतदिन १ और भोग्यदिन २९ समझना चाहिये. अहर्गण ७१४४०४००७८७१ को ३६० के भागसे लब्ध १९८४४५५५७७ यह आया इन्हींको ३ से गुणके ५९५३३६६७३१ और १ और जोडा जब ५९५३३६६७३२ यह हुवा. इन्हींके ७ भागसे शेष ५ वचनेसे गुरु वर्षेश्वर हुवा. जिसका भुक्त दिन १५१ और भोग्यदिन २०९ हुये.

इति श्रीमनुरचिते दैवज्ञविनोदे सुभाषाविभूषिते अहर्ग-
णानयनंनाम पंचमविनोदः ॥ ५ ॥

अथमध्यमग्रहानयनविधिं व्याख्यास्यामः॥अहर्गण ७१४४०४०० ७८७१ को सूर्य भगणोंसे ४३२०००० गुणके ३०८६२५३१४००२ ७२०००० फिर भूदिनोंके१५७७९१७८२८ भागसे लब्ध भगणः१९५ ५८८४६८५ भगणशेष २९०५५८२० को १२ से गुणा जब ३४८६ ६९८४० यह हुवा.इन्हींके पूर्वोक्त भूदिनोंका भाग दिया जब लब्ध राशि०

राशिशेष ३४८६६९८४० को ३० से गुणा जब १०४६००९५२०० यह हुवा. इन्हों के पूर्वोक्त भूदिनोंके भागसे लब्ध अंश ६ अंशशेष ९९२५ ८८२३२ को ६० गुणके ५९५५२९३९२० फिर उक्त भूदिनोंके भागसे लब्ध कला ३७ कलाशेष ११७२३३४२८४ को ६० गुणके ७०३४० ०५७०४० उक्त भूदिनोंके भागसे लब्ध विकला ४४ विकलाशेषः९११६ ७२६०८ एवं भगणादिमध्यमरविः १९५५८८४६८५ । ० । ६ । ३७ ।४४ अथ चंद्रः ॥ अहर्गण७१४४०४००७८७१ को चंद्र भगण ५७७ ५३३३६ से गुणके ४१२५९२१४७०६३२०५०७६५६ फिर उक्त भूदिनोंके भागसे लब्ध भगणः २६१४७८८५५०७और भगणशेषको ३२ २३८८६० फिर १२ से गुणके ३८६८६६६३२० उक्त भूदिनोंके भागसे लब्ध राशि २ राशि शेष ७१२८३०६६४ को ३० गुणके २१ ३८४९१९९२० उक्त भूदिनोंके भागसे लब्ध अंश १३ अंशशेष ८७१९ ८८१५६ को ६० गुणके ५२३१९२८९३६० उक्त भूदिनोंके भाग से कला ३३ कला शेषः २४८००१०३६ को६० गुणके १४८८०६२ १६० उक्त भूदिनोंके भागसे लब्ध विकला ९ विकला शेषः ६७८८० १७०८ एवं भगणादिमध्यमचंद्रः २६१४७८८५५०७।२।१३।३३।९

अथ चंद्रोच्चानयनम्–अहर्गणः ७१४४०४००७८७१ को चंद्रोच्च भगण ४८८२०३ से गुणके ३४८७७४१७९८५४६४५८१३इन्होंके उक्त भूदिनोंके भागसे लब्ध भगण २२१०३४४३७ भगण शेष ११०४० २९७७ को १२ गुणके १३२४८३५७२४ उक्त भूदिनोंके भागसे लब्ध राशिः ८ राशिशेष ७०१४९३१०० को३०गुणके२१०४४७९३००० उक्त भूदिनोंके भागसे लब्ध अंश १३ अंशशेष ५३१७६१२३६ को६० से गुणके ३१९०५६७४१६० फिर उक्त भूदिनोंके भागसे लब्ध कलाः २० कलाशेष ३४७३१७६०० को ६० गुणके ३०८३९०५६००० फिर उक्त भूदिनोंके भागसे लब्ध विकलाः १३ विकलाशेषः ३२६१२४

२३६ एवं भगणादि उच्च चंद्रः २२१०३४४३३७ । ८ । १३ । २० । २३ अथ चंद्रपातः—अहर्गण ७१४४०४००७८७१ को चंद्रपात भगणों २३२२३८ से गुणके १६५९११५७९७९९४५२९८ फिर भूदिनोंके भागसे लब्ध भगण १७५१४६००६ भगणशेष ५६९५५०३३० को १२ गुणके ६८३४६०३९६० उक्त भूदिनोंके भागसे लब्ध राशिः ४ राशिशेष ५२२९३१६४८ को ३० गुणके १५६८७९७९४४० उक्त भूदिनोंके भागसे लब्ध अंश ९ अंशशेष १४८६७१८९८८ को ६० गुणके ८९२०३१३९२८० उक्त भूदिनोंके भागसे लब्ध कला ५६ कलाशेष ८३९७४०९१२ को ६० गुणके ५०३८४४५४७२० उक्त भूदिनोंके भागसे लब्ध विकला३१ एवं भगणादिचंद्रपातः(राहुः)१७५१ ४६००६ । ४ । ९ । ५६।३१ उक्त राश्यादि इनसे१ २शोधनेसे चंद्रपातः ७ । २० । ३ । २९ अथ भौमः— अहर्गण ७१४४०४००७८७१ को भौम भगण १०३९८९३१७८ से गुणके १६४०८६५९६६२०६३६ ४६७२ उक्त भूदिनोंके भागसे लब्ध भगण १०३९८९३१७८ भगण शेष १४२४५८७२८८ को १२ गुणके १७०९५०४७४५६ फिर उक्त भूदिनोंके भागसे लब्ध राशिः १० राशिशेष १४१४८६९१७६ को ३० गुणके ३९४७६०७५२८० उक्त भूदिनोंके भागसे लब्ध अंशः २५ अंश-शेष २८२२९५८० को ६० गुणके १६८७७७४८०० उक्त भूदिनोंके भागसे लब्ध कलाः १० कलाशेष १०९८५६७२ को ६० गुणके ६५९ १४१८८३२० उक्त भूदिनोंके भागसे लब्ध विकला ४ विकला शेष २७ ९७४७००८ एवं भगणादिभौमः १०३९८९३१७८ । १० । २५ । १० । ४ अथ शीघ्रोच्चबुधः—अहर्गण ७१४४०४००७८७१ को बुध-भगणशीघ्रोच १७९३७०६० से गुणके १२८१४३०७५५३४२२५ ९९२६००फिर उक्त भूदिनोंके भागसे लब्ध भगणः ८१२१०२३३६७ भगणशेष १०२८७१२३८४ को १२ गुणके १२३४४५५४८६०८ उ-

क्तभूदिनोंके भागसे लब्ध राशिः ७ राशिशेष १२९९१२३८९ को ३० गुणके ३८९७३७१४३६० उक्त भूदिनोंके भागसे लब्ध अंश २४ अंशशेष ११३६८६४८८को ६० गुणके ६६२२११८९२८० उक्तभूदिनोंके भागसे लब्धकला ४१ कलाशेष १५४६५५८५३२ को ६० गुणके ९२७९३५११९२० उक्त भूदिनोंके भागसे लब्धविकला ५८ विकलाशेषः १२७४२७७८८९६ एवं भगणादिशीघ्रोच्चबुधः ८१२१०२३३ ६७ । ७ । २४ । ४१।५८ अथ गुरुः—अहर्गण ७१४४०४००७८ ७१ को गुरुभगण ३६४१२०से गुणके २६०२००२२७७४६ ०७५६२० उक्त भूदिनों के भागसे लब्ध भगणः १६४९००९९९ भगणशेष १५६९६६५४४८ को १२ गुणके १८८३५९८५३७६ उक्त भूदिनोंके भागसे लब्ध राशिः ११ राशिशेष ४७८८८९२६८ को ३० गुणके ४४३६६६७८०४० उक्त भूदिनोंके भागसे लब्ध अंश २८ अंशशेष १८४९७८८५६ को ६० गुणके ११०९८९८७३१३६० उक्त भूदिनोंके भागसे लब्ध कलाः ७ कलाशेष ५३३०५६६४ :को ६० गुणके ३१९८३९३८४० उक्त भूदिनोंके भागसे लब्ध विकला २ विकलाशेषः ४२५५८१८४ एवं भगणादिमध्यमगुरुः १६४९००९९९ । ११। २८ । ७ । २ अथशीघ्रोच्चशुक्रः—अहर्गण ७१४४०४००७८७१ को शीघ्रोच्चशुक्रभगण ७०२२३७६ से गुणके५०१६६१३५५९१७७१२ १४९६ उक्त भूदिनोंके भागसे लब्ध भगणः ३१७९३८८३४९ भगणशेष १२५१०४५३५२४ को १२ गुणके १३८५४४२६२८८ उक्त भूदिनोंके भागसे लब्ध राशिः ८ राशिशेष १२३१०८३६६४ को ३० गुणके ३६९३२५०९९२०उक्त भूदिनोंके भागसे लब्ध अंश २३अंशशेष ६४०३९९८७६ को ६० गुणके ३८४२३९९२५६० उक्त भूदिनोंके भागसे लब्धकलाः २८ कलाशेष ५५३९६४६८ को ६० गुणके ३३२ ३७८८२२८०उक्त भूदिनोंके भागसे लब्ध विकलाः २१ विकलाशेषः१०

१६०६८९२ एवं भगणादि शीघ्रोच्चशुक्रः ३१७९३८८३४९।८।२३। २३ । २१ अथ शनिः—अहर्गण ७१४४०४००७८७१ को शनिभगण १४६५६८ से गुणके १०४७०८०६६३२५६३६७२८ उक्त भूदिनोंके भागसे लब्ध भगणः ६६३५९८८२० भगणशेष १५०२५९३७६८ को १२ गुणके १८०३११२५२१६ उक्त भूदिनोंके भागसे लब्ध राशिः ११ राशिशेष ६७४०२९१०८ को ३० गुणके २०२२०८७३२४० उक्त भूदिनोंके भागसे लब्ध अंश १२ अंशशेष १२८५८५९३०४ को ६० गुणके ७७१५१५८२४० उक्त भूदिनोंके भागसे लब्ध कलाः ४८ कलाशेष १४११४७९६ को ६० से गुणके ८४६८०२२९७६० उक्त भूदिनोंके भागसे लब्ध विकला ५३ विकला शेषः १०५८५८४८७६ एवं भगणादिमध्यमशनिः ६६३५९८८२० । ११ । १२ । ४८। ५३।

इति श्रीमनुरचिते दैवज्ञविनोदे सुभाषाविभूषिते ग्रहमध्यमानयनं नाम षष्ठो विनोदः ॥ ६ ॥

अथ ग्रहाणां मंदोच्चानयनम्.—अहर्गण ७१४४०४००७८७१ को रविमंदोच्च भगण ३८७ से गुणके २७६४७५३५१०४६०७७५ उक्त भूदिनोंके भागसे लब्धभगण १७५ भगणशेष ३३८७३११४६०७७ को १२गुणके४०६४७७३७३७५२२९२४उक्त भूदिनोंके भागसे लब्धराशिः २ राशिशेष ९०९९३८०९६९२४ को ३०से गुणके २७२६८१४२९०७७२० उक्त भूदिनोंके भागसे लब्ध अंश १७ अंशशेष ४४३५३९८३२७२० को ६० गुणके २६६७१३८९९०३२०० उक्तभूदिनोंके भागसे लब्ध कलाः १६ कलाशेष १३६५७०४६५५२०० को ६० गुणके ८१९४२२७९३१२००० उक्त भूदिनोंके भागसें लब्धविकलाः ५१ विकलाशेष १४६८४७००८४०० एवं भगणादि रविमंदोच्च १७५ । २ । १७ । १६ । ५१ अथ भौमः—अहर्गणको भौममंदोच्च भगण२०४

से गुणके १४५२३८४१७६०५६८४उक्त भूदिनोंके भागसे लब्ध भगण ९२ भगणशेष ५६९९७७४११९६८४ को १२ गुणके ६८३९७२९१५ ६२०८ उक्त भूदिनोंके भागसे लब्ध राशिः४ राशिशेषः ५१८७५ ७८४४२०८ को ३० गुणके १५८४१७३५३२६२४० उक्त भूदिनों के भागसे लब्ध अंश १० अंशशेष ६२५५७०४६२४० को ६० गुणके ३७५३४२२७७४०० उक्त भूदिनों के भागसे लब्धविकला २२ विकला. शेष ११४१०३४८८८००० एवं भगणादिमंदोच्चभौमः ९२ । ४ । १० । २ । २२ अथ बुधः—अहर्गणको बुधमंदोच्चभगणों से ३६८ गुणके २६२९००६७४८९६५२८ फिर उक्त भूदिनों के भागसे लब्ध भगण १६६ भगणशेष ९३६३१५४४०५२८को १२ से गुण करके ११५९५७८२७४२३३६ उक्तभूदिनोंके भागसे लब्ध राशिः ७ राशिशेष ५५०३५७९४६३६ को ३० गुणके १६ ५१००३८३९००८० उक्त भूदिनोंके भागसे लब्ध अंश १० अंशशेष ७३१५६०११००८० को ६० से गुणके ८३८९३६०६६० ४८०० उक्त भूदिनोंके भागसे लब्धकला २७ कलाशेष १२८९ ८२५२४८८०० को ६० गुणके ७७३८९५१४९२८००० उक्त भूदिनोंके भागसे लब्ध विकलाः ४९ विकलाशेष ७१५४१३५६००० एवं भगणादिमंदोच्चबुधः १६६।७।१०।२७।४९ अथ गुरुः—अहर्गणको गुरुमंदोच्चभगणों ९०० से गुणके६४२४६३६०७०८३९००उक्तकल्पभू- दिनोंके भागसे लब्धभगण ४०७ भगणशेष ७५१०५१०८०९०० को १२ गुणके ९०१२६१३०५४८०० उक्त भूदिनोंके भागसे लब्धराशि ५ राशिशेष ११२३९१४८०० को ३० गुणके ९०१२६१३०५४८०० उक्तभूदिनोंके भागसे लब्धअंश २१ अंशशेष ५५४४४३०५६००को६० गुणके ३३२६६५८३३६००० उक्त भूदिनोंके भागसे लब्धकला २१ कलाशेष १३०८९७२०००को ६० गुणके ७८१८५३८३२०००

लेपन.	कस्तू.	कुंकु.	चंद.	माँटी.	गोरोच	अल.	हलद.	कज्जल	सिंदूर	अगरु.	कपूर.
जाति.	देव.	भूत.	सर्प.	पक्षी.	पशु.	मृग.	विप्र.	क्षत्रि.	वैश्य.	शूद्र.	मिश्र.
पुष्प.	पुन्नाग	जाती	बकु.	केवड़ा	बिल्व.	अर्क.	दूर्वा.	कमल	मोगरा	पाटली.	जाती.
भूषण.	पिरो.	कंकण	मोती.	प्रवाल.	मुकुट.	मणि.	गुंजा.	कौडी.	नील.	काच.	सुवर्ण.
कंचुकी.	विचि.	पर्ण.	हरित.	भूर्जप.	सित.	पांडु.	नील	कृ.जि.	चर्म.	वल्कल	पांडुर.
वय.	बाला.	कुमा.	गता.	युवा.	प्रौढा.	प्रगल्भा	वृद्धा.	वंध्या.	अति.	पुत्रे.व.	संन्या.सि.

अथद्वादशसंक्रांतिपर्वकाल.

मेष १	पूर्व१५घ.	पर१५घ.	दानमेष.	तुल ७	पू.१५	प. १५	तिल.गोरस.दा.
वृष. २	१६ घ.	०	गोदान.	वृश्चि ८	१६ घ.	०	दीपदान.
मिथुन ३	०	१६ घ.	वस्त्रान्न.	धन ९	०	१६ घ.	वस्त्रदान.
कर्क ४	३० घ.	०	घृत.धेनु	मकर१०	०	४० घ.	काष्ठ.अन्न.
सिंह ५	१६ घ.	०	छत्र.	कुंभ ११	१६ घ.	०	गोड. अन्न.
कन्या ६	०	१६ घ.	गृह.वस्त्र.	मीन १२	०	१६ घ.	भूमि. माला.

अथ संक्रांतिफलं—रविवारको संक्रांति अर्के जब युद्ध होवे राजविग्रहं होय. सूर्य बहुत तपे, रोगउपजे. धान्य महँगा होय. १ सोमवारको संक्रांति प्रवेश करे तब दक्षिणकी पवनचले धान्य सस्ता होवे सर्व वस्तु सस्ती रहैं रस घृत किराणुँ तेज रहै. लोक महाजन प्रसन्न रहैं. गौ ब्राह्मणकी पूजा और सुख संपदा रहै. २ भौमके दिन संक्रांति प्रवेश होवे तब अन्न महँगा होवे गेहूँ वा लालवस्तु महँगी रहै. विग्रह प्रजामें रहे युद्धकोदंगल होवे.अग्निभय. घृत तैल लवण रस कर्पूर चंदन यह सब महँगे होवें ३ बुधदिन संक्रांति प्रवेश होवे तो रसकस घृत महँगे और वस्त्रकी सस्ती होवे कार्पास(रूई)सस्ती विके प्रजा को भयकारक और चातुर्मासमें वर्षा कम होवे४गुरुदिन संक्रांति प्रवेश होवे तो पीतवस्तु महँगी और प्रजासुखी.धान्य सस्ता.बहुत अन्न.उत्पन्न होवे.गौ को बहुतदुग्ध और ब्राह्मणकी पूजाकरे ५ शुक्रदिन संक्रांति प्रवेश कियेसे प्रजाको सुख होवे सुवर्ण चाँदी महँगी होवे गो महिषी हस्ती घोड़ा महँगे और रस कस लवण घृत समता रहै. ६ शनिदिन संक्रांति प्रवेश होवे तो लगंतीही महा अशुभ फल कारक है. सर्व वस्तुका क्षय करे. दुर्भिक्षकारक है धान्य महँगा लोक दुखी और रोगकी उपाधिकारक है. अथ संक्रांतिपर्वकालं-निर्णयः—केषांचिन्मतभेदात्त्रिंशत्कथिताःपराःपुण्याः। चत्वारिंशदन्यमुनेर्मता मकरसंक्रमे तु १ यद्यस्तेवाप्रदोषेवानिशीथेमकरंगते॥ भास्करेतूत्तरदिनंपुण्यमित्याहमाधवः२ हेमाद्रिरर्धरात्रात्पूर्वंचेत्संक्रमोभवति तदहस्तुपुण्यमेवपरतश्चेत्परेद्युरित्याह ३ तत्त्वंप्रदोषसमयादूर्ध्वंचेत्संक्रमोभवति परदिवसेन्यथाखलुपूर्वेदिवसेतुपुण्यकालः ४ इतिसंक्रातिपर्वकालनिर्णयः ॥

+ त्रिंशत्कर्कटकेपूर्वा चत्वारिंशत्परामृगे. इतिगोभिलः।

वस्तूनांराशिसारिणी.

श्लोक—य एषां द्रव्याणामधिपतयो राशयः समुद्दिष्टा मुनिभिः शुभाशुभार्थं तानागमतः प्रवक्ष्यामि ॥ १ ॥

मेष.	वृषभ.	मिथुन.	कर्क.	सिंह.	कन्या.	तुल.	वृश्चिक	धन.	मकर.	कुंभ.	मीन.
सोना मसूर	वस्त्र.पुष्प.	बाजरी. रूई	कोद्र. केला.	शाली.	जवासा बट	उडद. लाल	गुडखांड.	रस.घोडा ह.	कनीर.	रस पोस्त	सीप. मो.
कंबल. पस.	सरसोंगेहूँ	कपास. कम	दूर्वा.जायफ	षट्रस.	ला. कुलथी.	गींहुं नालि.	नागरपा.	लवण.चित्र.	सकूट	रत्न अमो.	समु.शो.
मीनुराल.ज	यव.चावल	लकंद.गुवार	ल.तमालपत्र	मृगछा.	मूंग. सफेद.	अर. सरसों	लोहमीढा	वस्त्र आयुध.	मजीठच.	चित्र वि.	हीरा अत
ल गेहूँ. यव.	महिष. बैल.	जुवार मक्का	दालचीनी.	गुड खांड	गेहूँ.अलसी	हरडे मटर.	शर्करा.	लधणुं मूल.	जमीकंद.	वस्तु.	रम.मोती.

श्लोकः—षट् सप्तमगो हानिं वृद्धिं शुक्रः करोति शेषेषु ॥ उपचयसंस्थाः क्रूराः शुभदाः शेषेषु हानिकराः ॥ १ ॥ इत्यादि इस चक्रको न्यास तथा चक्रका देखना वाराही संहितामें है जिसका उदाहरण जिस वस्तुकी तेजी वा मंदी देखनी हो वा वस्तुकी चक्रमें राशि कौन है ऐसी प्रथम देखनी फिर वा राशिसे कौन ग्रह कौन कौन ठिकाने हैं ऐसा देखना जो वस्तुकी राशिसे गुरु ४।१०।२।११।७।९।५ इतनी राशिपे होय तो वा वस्तुकी मंदी करै और १।३।६।८।१२इतने ठिकाने गुरु होवे तो वा वस्तुकी तेजी करै ऐसे ही २ । ११ । १० । ५ । ८ बुध होय तो मंदी करै और १ । ३ । ४ । ६ । ७ ।९।१२ इतनी जगह बुध होवे तो तेजी करै शुक्र ६ । ७ सदा तेजी करै और १ । २ । ३ । ४ । ५ । ८ । ९ । १० ।११।१२ शुक्र सदा मंदी करै मंगल, शनि, राहु, केतु, सूर्य क्षीणचंद्र यह ग्रह इतनी जगह ३।६।१०।११ मंदी करैं और इन स्थानोंपर १ । २ । ४ । ५ । ७ । ८।९ तेजी करैं ऐसे पूर्णचंद्रमाको फल बृहस्पति सदृश देखना ऐसे नववें ग्रहसे देखके फलकी दोपंक्ति स्थापित करनी जिनग्रहोंमें जियादह बल होवे और तेजी मंदीतरफ जियादह ग्रह होवें वही फल विशेष होता है यह निःसंदेह है फिर ग्रहोंका उच्च मूलत्रिकोणी स्वगृहादि यथावत् बलको निर्धारकरना जैसे कि, एक तरफमें मंदीका करणेवाला चार ग्रह हैं और मंगल मकर को प्राप्त हुवा तो जैसा मंगलका फल विशेष होवे गा ऐसा उन चारोंका नहीं होवेगा.

द्विपंचाशदब्धौ रामविनोदजो स्पष्टरविः ।

१	२	३	४	५	६	७	८	९	१०	११	१२	१३	१४	१५	१६	१७	१८	१९	२०	२१	२२	२३	२४	२५	२६
०	०	०	०	०	१	१	१	१	२	२	२	२	२	३	३	३	३	४	४	४	४	४	५	५	५
०	६	१३	२०	२७	३	१०	१७	२३	०	७	१३	२०	१७	३	१०	१७	२३	०	७	१३	२०	२७	४	११	१८
०	५०	३८	२६	१०	५४	३६	१७	५७	३६	१५	५३	३१	९	४७	२७	६	४७	३०	१३	५९	४५	३४	२४	१६	१०
०	१३	३९	२३	३६	१५	३१	३६	३४	४५	१६	२१	१४	१९	४८	१०	५४	५९	१६	५०	१	४२	६	१३	१४	८
५८	५८	५८	५७	५७	५७	५७	५७	५७	५६	५६	५६	५६	५६	५६	५७	५७	५७	५७	५७	५७	५८	५८	५८	५९	५९
४५	२९	१२	५७	४५	३४	२३	१३	५	१७	५६	५०	५०	५५	५७	५	१२	२२	३४	४५	५७	१२	२९	४५	०	१६

२७	२८	२९	३०	३१	३२	३३	३४	३५	३६	३७	३८	३९	४०	४१	४२	४३	४४	४५	४६	४७	४८	४९	५०	५१	५२
५	६	६	६	६	७	७	७	७	७	८	८	८	८	९	९	९	९	१०	१०	१०	१०	११	११	११	११
२५	२	९	१६	२३	०	७	१४	२१	२८	५	१२	२०	२७	४	११	१८	२५	२	१०	१७	२४	१	८	१४	२१
५	३	२	३	६	१०	१५	२२	३०	३९	४८	५८	८	१८	२७	३६	४४	५१	१७	१	४	५	५	३	५९	५३
५१	२१	४०	४३	२०	२३	५३	३८	२	७	२९	१७	१७	८	३५	२४	२४	११	१०	३८	२७	५०	३०	२३	२६	४०
५९	५९	६०	६०	६०	६०	६०	६१	६१	६१	६१	६१	६१	६१	६१	६१	६१	६०	६०	६०	६०	६०	५९	५९	५९	५९
३१	४६	२	१८	३०	४०	५३	३	११	१९	२२	२६	२६	२४	१९	१३	४	५५	४२	३१	२०	५	४९	३५	१६	४

द्विपंचाशदब्धौ ग्रहलाघवजो स्पष्टरविः ।

१	२	३	४	५	६	७	८	९	१०	११	१२	१३	१४	१५	१६	१७	१८	१९	२०	२१	२२	२३	२४	२५	२६
११	०	०	०	०	१	१	१	१	२	२	२	२	२	३	३	३	३	४	४	४	४	४	५	५	५
२९	३	१३	२०	१७	३	१०	१७	२३	०	७	१३	२०	२७	३	१०	१७	२३	०	७	१३	२०	२७	४	११	१८
५२	४९	३८	२५	१०	५४	३६	१७	५७	१७	१६	५४	३२	१०	४८	२८	८	४९	३१	१४	५९	४५	३४	२४	१६	९
३३	५५	३९	३३	२१	११	३६	४४	५६	२८	५	२२	४	१७	९	४	३	३	१४	४१	३९	५९	१५	१२	४	४९
५८	५८	५८	५८	५७	५७	५७	५७	५७	५७	५७	५६	५६	५६	५७	५७	५७	५७	५७	५७	५७	५८	५८	५८	५८	५९
४४	२८	१४	१	४८	३७	२७	११	१२	५	०	५४	५३	५८	३	१०	१७	२६	३६	४६	५८	११	२५	५९	५७	१५

२७	२८	२९	३०	३१	३२	३३	३४	३५	३६	३७	३८	३९	४०	४१	४२	४३	४४	४५	४६	४७	४८	४९	५०	५१	५२
५	६	६	६	६	७	७	७	७	७	८	८	८	८	९	९	९	९	१०	१०	१०	१०	११	११	११	११
२५	२	९	१६	२३	०	०	१४	२१	२८	५	१२	२०	२७	४	११	१८	२५	२	९	१७	२४	१	८	१४	२१
५	२	२	२	४	९	१५	२१	२८	३७	४६	५५	५	१५	२३	३३	४०	४८	५३	५८	१	३	३	०	५८	५२
३४	५३	१०	३	४३	२७	५	३१	५७	१८	१६	४६	३२	२३	४९	७	५५	२	५३	२२	४९	३६	३७	५७	२३	५६
५९	५९	६०	६०	६०	६०	६०	६०	६१	६१	६१	६१	६१	६१	६१	६१	६१	६०	६०	६०	६०	६०	५९	५९	५९	५९
३२	४७	२	१४	२६	२७	४६	५६	४	१३	१५	२१	२२	१८	१३	८	०	५१	३४	३१	१९	३६	५२	३७	३०	३

इति श्रीमनुरचिते दैवज्ञविनोदे सुभाषाविभूषिते सस्यजातकादिसंक्रांतिफलकथनं नाम त्रयोविंशतितमो विनोदः ॥ २३ ॥

अथ पंचांगलेखनक्रमः॥श्रीगणेशाय नमः॥ अचिंत्याव्यक्तरूपाय निर्गुणाय गुणात्मने ॥ समस्तजगदाधारमूर्तये ब्रह्मणे नमः ॥ १ ॥ अथ श्रीमन्नृ-

पतिविक्रमादित्यराज्यात् संवत् शालिवाहनशके,सत्ययुगप्रमाण १७२८००० त्रेतायुगप्रमाणवर्ष १२९६००० द्वापरयुगप्रमाण ८६४००० कलियुगप्रमाण ४३२००० गतकलिः भोग्यकलिः। अथास्मिन्वर्षे राजा मंत्री सस्याधिपतिः धान्येशो मेघेशो रसेशो नीरसेशः फलेशो धनेशो दुर्गेशो एते दशाधिकारिणः वर्षनाम संवत्सरनाम मेघनाम रोहिणिवासः समयनिवासः समयवाहनरोहिणी आषाढकृष्णस्तंभाः सोमवतीअमावास्या सोमवती पंचमी रविसप्तमी अंगारकचतुर्थी बुधाष्टमी रविदशमी ग्रहणं विश्वा शनिदृष्टि उत्पत्ति खपति अगस्त्यउदयं सिंहार्कां २८ शे बुधोदयं समयमुहूर्ताः समयदिनानि क्षयतिथिः वृद्धतिथयः पूर्णिमाघट्यादि अमाघट्यादि अनयोरंतरघट्यादि रविदशमी घट्यादि सौभाग्यपंचमीघट्यादि वर्षाविश्वा धान्यं तृणं शीतं तेजो वायुः वृद्धिः क्षय विग्रह अहंकारैक्यं सत्यं धर्म पापं इसके आगे संवत्सर शुभाशुभ और परमेश्वरका नाम लिखना चाहिये अथ वर्षनाम–चैत्र. शुक्ल १ के दिन जिस नक्षत्रऊपर गुरु हो उसीके नामसे मासनाम हो सो ही वर्षनाम समझना और संवत्सर पूर्वोक्त गणितसे लाके फिर लिखना चाहिये अथ चतुर्मेघ लानेकी विधिः–शाकेमें १५१२हीनकरै शेष रहै जिसमें तीन और युक्त करके ४ के भागसें शेष १ आवर्त २ संवर्त ३ पुष्कर ४ द्रोण नाम मेघ होताहै. अथ रोहिणीवासः–मेषसंक्रांतिके समय नक्षत्रसे २ नक्षत्र समुद्रका ३ तट ४ संधि ५ पर्वत ६ संधि७ तट ९ समुद्र १० तट ११ संधि १२ पर्वत १३ संधि १४ तट १६ समुद्र १७ तट१८ संधि १९ पर्वत २० संधि २१ तट २३ समुद्र २४ तट २५ संधि २६ पर्वत २७ संधि२८तट ऐसे गिनके जिस ठिकाने गणनासे रोहिणी नक्षत्र की गिनती प्राप्ति होवे जहांही समुद्रादि निवास लिखना जिसका फल–समुद्रे तु महावृष्टिस्तटे वृष्टिः सुशोभना॥पर्वते बिंदुमात्रश्च खंडवृष्टिश्च संधिषु॥ अथ समयनिवासः-रोहिणीका वास समुद्रमें हो तो समयका निवास मालीके घर संधिमें वैश्यके घर पर्वतमें कुम्हारके घर रोहिणीतटमें तब रजकके घर समयका नि-

वास कहना अथसमयवाहनाः—सूर्यादिवार संवत्का राजा होवे उसीसे अश्व १ मृग २ वृषभ ३ सिंचाणु ४ चातक ५ दर्दुर ६ महिष ७ उक्त वारों के क्रमसे समयके वाहन समझना चाहिये अषाढकृष्णपक्षकी कृष्णारोहिणी कहलाती है अथस्तंभा चैत्रशुदि १ रेवतीजल वैशाखशुदि १ भरणी तृण ज्येष्ठशुदि १ मृगशीर्षवायु आषाढशुदि १ पुनर्वसु होवे तो अन्नका स्तंभ समझना चाहिये अथ शनिदृष्टिः-मेष वृष मिथुनके शनिकी पूर्वदृष्टि कर्क सिंह कन्याके शनिकी दक्षिण तुला वृश्चिक धनके शनिकी पश्चिम और मकर कुम्भ मीनके शनिकी उत्तरमें दृष्टि होती है अथ उत्पत्ति और खपतिविश्वाः—लाभके विश्वा इकट्ठा करनेसे उत्पत्ति विश्वा और द्वादशराशियोंके खर्चके विश्वा इकट्ठा करनेसे खपति विश्वा होता है. अथ अगस्त्यअस्तोदय-रामगढमें अगस्ति अस्त सूर्य ० । २८ । २४ ऊपर और उदय ४ । २७ । ३६ ऊपर होताहै और देशोंमें पलभासे पूर्वोक्त गणित करके देखलेना चाहिये अथ समयमुहूर्ताः—संक्रांतिके बारह मासके मुहूर्त इकट्ठा करनेसे समय मुहूर्त होताहै अथ समयदिनानिः—बारहमासकी तिथि इकट्ठी करके उसमें क्षयतिथि हीन किये समयका दिन होताहै कार्तिकशुदि पंच सौभाग्य पंचमी कहलातीहै शुक्ल पक्षकी दशमी रवियुक्त होवे सो रविदशमी होती है शुक्ल पक्षकी तिथि जो वार होवे वही वारके नामसे वह तिथि बोली जाती है. बारह मासकी पूर्णिमाकी और अमावास्याकी घटी होती है इन्होंके अंतर करनेसे अंतर घटी होती है. अथ वर्षादिकोंके विश्वा लानेकी विधि-वर्तमानशाके को ३ से गुणके ७ के भागसे शेषरहे जिसको द्विगुणित करके फिर ५ और युक्त करनेसे वर्षाका विश्वा होता है. एवं ७के भागसे लब्धांकको शक कल्पना करके फिर उक्त विधिसे गणितके लानेसे धान्य तृण शीत तेज, वायु, वृद्धि, क्षय और विग्रह पर्यंतके विश्वा होता है. इनसबको इकट्ठा करनेसे अहंकारैक्यके विश्वा होते हैं.

अथ धर्म और पापके विश्वा लानेकी विधिः–कलियुगके गतवर्षोंके २१६००० के भागसे लब्धधर्मका विश्वा और वीसमें हीनकिये पापका विश्वा होते हैं. अथ संवत्‌के विश्वा लानेकी विधिः–कर्कसंक्रांति प्रवेशके दिन जो वार होवे उसीसे सूर्य १० चंद्र २० मंगल ८ बुध १२ बृहस्पति १८ शुक्र १८ शनि ५ संवत्‌के विश्वा होते हैं. अथ पुरुष स्त्री नपुंसक नक्षत्र संज्ञाः–आर्द्रादि स्वात्यांत १० नक्षत्रस्त्री विशाखादि ज्येष्ठांत ३ नपुंसक और मूलादि मृगशीर्षांत १४ नक्षत्र पुरुषसंज्ञक समझना चाहिये जिसका फल स्त्रीसंज्ञक नक्षत्रके दिन पुरुषसंज्ञक नक्षत्र ऊपर सूर्य प्राप्त होय तो वर्षा वर्षती है परंच यहां वृष्टिरोधक योग कोई आन पड़े तो वर्षा नहीं वर्षती है और इसका वाहन भी देखलेना चाहिये–

अथ वाहनानि–सूर्यके प्राप्त नक्षत्रसे दिनके नक्षत्रतक गिनके ९ के भागसे शेषबचे १ अश्व २ जंबुक ३ मंडूक ४ मेष ५ चातक ६ मूषक कोई मतसे मृग ७ महिष ८ खर ९ नाग नक्षत्र वाहन होते हैं अथ वर्ष और वर्षेश कुंडली बनानेकी विधिः–गत संवत्सरकी चैत्रवदि अमावास्याकी घटीके इष्ट ऊपर जो लग्न होवे और ग्रह हो सो वर्षलग्न और मेषसंक्रांति प्रवेशसमयके लग्नको वर्षेश लग्न समझना चाहिये अथ गर्भलक्षणं–मार्गशीर्ष शुदि १ से जिस नक्षत्रमें बद्दल वायु इत्यादि गर्भ रहा सो १९५ दिनोंसे वर्षता है परंतु मेषसंक्रांतिमें अश्विन्यादि नक्षत्र १० वर्षे तो उक्त दिनमें थोड़ा वर्षता है अथ चंद्रोदय जाननेकी विधिः–रात्रिमानको तिथिके अंकसे गुणकर कृष्णपक्षमें २ हीन और शुक्लपक्षमें २ युक्त करके फिर १५ के भागसे लब्ध घटीः और शेषको ६० गुणके १५ भागसे पल लेनी उक्त घटी पलोंके समय कृष्ण पक्षमें चंद्रमाका उदय और शुक्लपक्षमें चंद्रमाका अस्त समझना चाहिये.

अथ इंग्रेजी महीनोंके नाम–जनवरी मास १ तारीख ३१ फरवरी मास २ तारीख २८ मार्चमास ३ तारीख ३१ अप्रेल मा० ४ तारीख ३० में मास ५ ता० ३१ जून मा० ६ ता० ३० जुलाई मा० ७ ता० ३१

अगष्ट मा० ८ ता० ३१ सप्टेंबर मा० ९ ता० ३० अक्टोबर मा० १० ता० ३१ नोवेंबर मा० ११ ता० ३० डिसेंबर मा० १२ ता ३१ उक्त इंग्रेजी वर्ष जनवरी माससे और धनसंक्रांतिके १८ अंशके लगभग प्रारंभ होता है और इंग्रेजी सन्‌के ४ के भागसे शेष ०रहै उसवर्षमें फरवरी मासकी २८ तारीखमें १ और तारीख बढाके २९ तारीख लिखनी चाहिये परंतु शताब्दीमें नहीं बढतीहै अथ मुसलमानी महीनाका नाम—मोहोरम १सफ्फर २ रबिलावल ३ रबिलाखर ४ जमादिलावल ५ जमादिलाखर ६ रज्जव ७ साबान ८ रमजान ९ सव्वाल १० जिलकाद ११ जिल्हेज १२ उक्त मुगलाई वर्ष मोहोरमसें प्रथम लगताहै और इसकी तारीख चंद्रोदयसे दूसरे दिन प्रथम लिखनी चाहिये अथ मुगलाई तिव्हार—रोजा रमजानकी १तारीखसे सुरु होताहै वह सव्वालकी १तारीखको ईद मनाके पूरा होताहै और जिल्हेजकी १० तारीखको बकरीद और ९ तारीखको हज्ज होती है, और मोहोरमकी १० तारीखको ताजिया साबानकी १४ तारीखको सब्बरात होती है. अथ पारसी महीनोंका नाम फरवर्दिन १ आर्दि बेहस्त २ खोरदाद ३ तिर ४ अमरदाद ५ शेरेखर ६ मेहेर ७ आबान ८ आदर ९ देह १० बहमन ११ आस्पंदाद १२ उक्तमहीने ३० दिनके होते हैं पीछे दिन ५ की गाथा होती है. अथ इंग्रेजी सन् बनानेकी विधि—वर्तमान शाकेमें ७९ युक्त करनेसे इंग्रेजी सन् पौष महीनेसे शुरू होता है. अथ मुसलमानी हिजरी सन बनानेकी विधि—शाकेमें ५४३ हीनकर शेषको २ जगे रखके ६१ के भागसे दूसरी जगेके अंकमें हीनकिये शेषके ३२ के भागसे लब्धको दूसरी जगेके अंकमें युक्त करके १२ के भागसे लब्ध आवे सो हिजरी सन् और शेष रहे सो उसके गतमास समझना चाहिये अथ पारसी सन् (इयजदेजर्दी) बनानेकी विधिः—शालीवाहन शकमें ५५३ हीन करनेसे शेष रहै सो पारसीसन् इसका प्रारंभ भाद्रपद महीनेसे होता है. अथ याहुदी सन् बनानेकी विधिः—शालीवाहन शकमें ३८३८ युक्त करनेसे याहुदी

सन् आसोज सुदि १ के लग भगसे प्रारंभ होता है. अथ दिनमान लिखनेकी विधिः—दिनमान सारिणीसे मेषे भानुः पंचांगमें देखके उसके दूसरे दिनसे दिनमान क्रमसे धरदेना चाहिये।

अथ चन्द्रलिखनेकी विधिः—सर्वर्क्ष बनाके जिस पादमें राशी प्राप्त हो उसको निकालके इष्ट करके चन्द्र लिखना चाहिये।

अथ सायन संक्रांति बनानेकी विधिः—अयनांश और घटी पल सहितको ३० से शोधके शेषांकके समीप अवधिस्थ सूर्यका अंतर करके फिर गोमूत्रिकामें गतिसे गुणके ६०के भागसे लब्ध दिनादि फलको अवधीष्टमें-उक्त ३०सें शोधित अयनांश अवधिस्थ सूर्यसे हीन हो तो हीन और अधिक हो तो युक्तकिये सायनसंक्रांति होतीहै अथ सर्वशास्त्रोंकी सिद्धांतरीतिसे विवाहलग्न बनानेकी विधिः—धर्म अर्थ और कामकी सिद्धिके लिये सुमुहूर्तसे विवाह करना चाहिये उक्त विवाह मेष वृषभ मिथुन वृश्चिक मकर और कुंभ इन सक्रांतियोंमें करना अच्छाहै जिसमें मिथुनके सूर्यमेंभी आषाढशुदि १० दशमीतक करना श्रेष्ठहै और उक्त महीनों में शुक्र गुरुका उदयास्त हो तो उनके अस्तसे तीन दिन पहलेसे लेके और उदयके तीन दिन पीछेतक विवाह नहीं करना और सिंहस्थ (सिंहराशिपर गुरु) हो तब भी विवाह नहीं करना चाहिये अथ पंचांगशुद्धिः—रोहिणी १ उत्तराफाल्गुनी २ उत्तराषाढ ३ उत्तराभाद्रपद ४ रेवती ५ मूल ६ स्वाती ७ मघा ८ अनुराधा ९ हस्त १० मृगशीर्ष ११ यह ग्यारह नक्षत्र विवाहमें महर्षियोंने उत्तम मानाहै पहले त्रेताके समय पूर्वाफाल्गुनीनक्षत्रमें सीताकाविवाह हुवा था फिर सीताजीने सुखकम भोगाथा जिससे इस समयमें पूर्वाफाल्गुनीमें विवाह नहीं होताहै और पुष्य नक्षत्र ब्रह्मदेवसे शापितहै जिससे पुष्यभी नहीं लेना चाहिये और बाकी नक्षत्र जितनेहैं वे सब विवाहके योग्य भी नहींहैं और तिथियोंमें कृष्ण पक्षकी त्रयोदशीसे लेके शुक्ल पक्षकी प्रतिपदातक विवाहमें नहीं लेना क्योंकि वहां क्षीण चंद्रमा है और बाकी तिथियां विवाहमें श्रेष्ठ हैं यद्यपि चतुर्थी. चतुर्दशी नवमी

इन्होंको रिक्ता मानके शास्त्रकारोंने वर्जित करीभी हैं तथापि इन्हों के दोष परिहारक योग अनेकहैं जिससे उक्त तिथियोंमें विवाह शिष्टाचारसे सदैव होताहै व्यतीपात वैधृति यह दोनों योग और भद्रा करणभी नहीं लेना चाहिये. और तेरह तिथियोंका पक्ष और लुप्ताब्दमेंभी विवाह करना अच्छा नहीं इति पंचांगशुद्धिः ॥ अथ दशदोषोंकी सारिणीप्रवेशः—लात दोषकी सारिणीमें जिस नक्षत्रका विवाह हो उसके नीचे कोष्ठकमें सूत्रगत ग्रह की नक्षत्र स्थिति होवे तो लातदोष होताहै परंच यहां गैत पूर्णिमाकी घटी समाप्तहो जिस समयमें जो नक्षत्र भोगे उस नक्षत्रका पूर्ण चंद्रमा लेना चाहिये उक्त लातदोष का विवाह मालवदेशमें नहीं होता और सबदेशोंमें होता है . १ और पात दोष सूर्यनक्षत्रसे देखाजाता है उक्त पातदोषका विवाह कुरुक्षेत्र देशमें नहीं होता और सब देशोंमें होता है २ अथ युतिः—जिस राशिका चंद्रमा हो उसी राशिका पापग्रह होवे तो युतिदोष होताहै उक्त युतिदोषका विवाह सब देशोंमेंही होता है. क्योंकि इसका परिहार अनेक प्रकारसे है ३ वेधसारिणीमें जिस विवाह नक्षत्रके अधस्थ नक्षत्र ऊपर ग्रह वर्तमान होनेसे वेधदोष लगता है उक्त वेधदोषका विवाह किसी देशमें भी नहीं होता ईस वेधमें और एकार्गलमें अभिजित् सहित नक्षत्रोंकी गणना होती है. बाकी और दोषोंमें अभिजित् विना सप्तविंशति नक्षत्रोंके अनुकूल सारिणी बनाई गई है. उक्तअभिजित् नक्षत्रका भोग उतराषाढके अंत चरण और श्रवणकी चार घटी प्रथमतक है. इन घटियों में प्राप्तहुवा ग्रह रोहिणी नक्षत्रको वेधता है. और बाकी उत्तराषाढके आद्य

---

१ यातीताखलुपूर्णिमाविवाहंनिकष।तद्गतभोविधुर्निधेयः लत्तावेधविधौसुवीक्षणीयो नान्यत्रेति बुधावदंति सारम् ॥ १ ॥ पूर्णिमांतदलस्थापि यावन्मासंभवेद्बलि । भंतत्स्थंविधुमीक्षेताविवाहेवेधलत्तयोः ॥ २ ॥ पौर्णमास्यांचयदृक्षं बलंतस्यैकमासकम् । यावन्नान्या भवेत्पूर्णातमेवाब्जविचारयेदिति। कौशिकसंहितायां स्पष्टं किंबहुना।सितचतुर्दशीविवाहेप्यव्यवहितातीतपूर्णमासीनक्षत्रस्थंचंद्रं ग्राह्यम्.

२ वक्ष्यमाणदशदोषे अभिजितकुत्रग्राह्यं तदाह-एकार्गलेचवेधेचसाभिजिद्गणयेद्बुधः। लत्तोपग्रहपातेषुयामित्रेपिनतद्भवेत् । इतिविवाहरत्ने नमुनक्षत्रद्वयशरीरिण्यभिजितिविवाहः कार्योनवेतिसंशयेगर्गः । लिखित्वा वृश्चिकाकारमभिजिच्चक्रमुत्तमम् । शिरस्युरसिसंदद्यात्त्रित्रिघटयस्तथोदरे ॥ १ ॥ :

तीन चरणगत ग्रह मृगशीर्षको वेधता है. और उत्तराषाढके चतुर्थ चरणमें अभिजित्की स्थिति है. जिससे उक्तचरणमें विवाह करना वा नहीं यह संशय दूरकरनेके लिये गर्गाचार्य कहते हैं कि, उत्तराषाढके चतुर्थ चरणमें भी विवाह करना अच्छा है. उसमें अभिजित्का कुछभी दोष नहीं फक्त श्रवणकी चारघटीमें अभिजित्की प्रवृत्ति है सो उसमें विवाह नहीं करना चाहिये ४ अथ यामित्रदोषः—वैवाहिक नक्षत्रसे चतुर्दशवें नक्षत्र ऊपर पापग्रह होनेसे यामित्रदोष लगताहै उक्त दोषके अनेक प्रकारसे परिहार होनेके कारण सब देशोंमें यामित्रदोषका विवाह होताहै ५ अथ बाणपंचकदोषः—सारिणीमें सूर्यसंक्रांतिके स्पष्ट अंशके तुल्य देखलेना जिसमें अग्नि चौर नृप और रोग इन बाणोंका परिहार तो अनेक प्रकारसेहै जिससे उक्तबाण दोषोंमें विवाह करलेना बाकी मृत्युबाण दोषका. विवाह सब देशोंमेंही त्याज्य है. ६ अथ एकार्गलदोषः—वैवाहिक नक्षत्रके नीचे सारिणीमें नक्षत्र लिखे हुये हैं उनके ऊपर सूर्य होवे तो एकार्गलदोष लगता है. उक्त एकार्गल दोषका विवाह काश्मीरदेशमें नहीं होता. और सबदेशोंमें होता है ७ अथउपग्रहदोषः एकार्गलकी सदृशही उपग्रह सारिणीमें देखलेना चाहिये उक्त उपग्रह दोषका विवाह बाह्लीक देशमें नहीं होता और सब देशोंमें होताहै ८ अथ क्रांतिसाम्यदोषः—सारिणीमें सूर्यकी संक्रांति देखके उसके नीचे चंद्र लिखा सो विवाहमें होवे तो क्रांतिसाम्य दोष लगता है उक्त क्रांतिसाम्यका विवाह सब देशोंमें त्याज्यहै ९ अथ दग्धा तिथिदोषः—सारिणीमें सूर्यराशिके नीचे दग्धातिथि लिखी सो उस दिन होवे तो दग्धातिथि दोष लगता है उक्त दग्धातिथिके दिन भी लग्नादिकेंद्र कोणमें बुध गुरु और शुक्र होवें तो विवाह करलेना यदि उक्त स्थानोंमें उक्त ग्रह नहीं होवे तो दूसरा इसका परिहार भी नहीं है । इति विवाहे दशदोषाः।

एकैकाघटिकाषट्सुपादेषुचतथापुनः । चतस्रोनाडिकाः पुच्छेगर्गाचार्येणभाषिता ॥ वृश्चिकस्य विना पुच्छं शेषांगोक्तघटीषुच । निर्विषासुप्रकर्तव्योविवाहः सर्वसंमतः ॥ ३ ॥

विवाहे दशदोषसारिणी.

१ लातसारिणी.

वि.न.	रो.	मृ.	म.	उ.फा.	ह.	स्वा.	ऽनु.	मू.	उ.षा.	उ.भा.	रे.
सू.	पू.षा.	उ.षा.	उ.भा.	अश्वि.	भ.	रो.	आ.	पुष्य.	म.	स्वा.	वि.
चं.	पू.भा.	उ.भा.	रो.	आर्द्रा.	पुन.	ऽऽश्ले.	पू.फा.	ह.	स्वा.	पू.षा.	उ.षा.
मं.	भ.	कृ.	पुष्य.	म.	पूफा.	ह.	स्वा.	ऽनु.	मू.	श.	पू.भा.
बु.	म.	पू.फा.	वि.	ज्ये.	मू.	उ.षा.	ध.	पू.भा.	रे.	मृ.	आर्द्रा.
बृ.	उ.भा.	रे.	मृ.	पुन.	पुष्य.	म.	उ.फा.	चि.	वि.	उ.षा.	श्र.
शु.	पुष्य.	ऽऽश्ले.	चि.	वि.	ऽनु.	मू.	उ.षा.	ध.	पू.भा.	कृ.	रो.
श.	श.	पू.भा.	कृ.	मृ.	आर्द्रा	पुष्य.	म.	उ.फा.	चि.	मू.	पू.षा.
रा.	उ.फा.	ह.	ज्ये.	पू.षा.	उ.षा.	ध.	पू.भा.	रे.	भ.	पुन.	पुष्य.

२ पातसारिणी.

वि. न.	रो.	मृ.	म.	उ. फा.	ह.	स्वा.	ऽनु.	मू.	उ.षा.	उ.भा.	रे.
सू.	आर्द्रा.	मृ.	अश्वि.	कृ.	भ.	रो.	भ.	रो.	भ.	भ.	ऽश्वि.
सू.	पुन.	आर्द्रा.	मृ.	पु.	आर्द्रा	पुष्य.	आर्द्रा	ऽऽश्ले.	पुन.	पू.फा.	म.
सू.	पू.फा.	म.	ऽऽश्ले.	पू.फा.	म.	ह.	पू.फा.	ज्ये.	वि.	उ.फा.	पू.फा.
सू.	स्वा.	चि.	ह.	वि.	स्वा.	श्र.	पू.षा.	मू.	ऽनु.	वि.	स्वा.
सू.	मू.	ज्ये.	ज्ये.	पू.भा.	श.	ध.	उ.षा.	ध.	उ.षा.	पू.षा.	मू.
सू.	श.	ध.	रे.	उ. भा.	पू.भा.	रे.	पू.भा.	रे.	पू.भा.	श.	ध.

३ युतिश्चंद्रयुतक्रूरः—इति.

४ वेधयंत्रम्.

वि. न.	रो.	मृ.	म.	उ.फा.	ह.	स्वा.	ऽनु.	मू.	उ.षा.	उ.भा.	रे.
वे. धः	ऽभि.	उ.षा.	श्र.	रे.	उ.भा.	श.	भ.	पुन.	मृ.	ह.	उ.फा.

५ यामित्रदोषसारिणी.

न.	रो.	मृ.	म.	उ.फा.	ह.	स्वा.	ऽनु.	मू.	उ.षा.	उ.भा.	रे.
या.	ऽनु.	ज्ये.	ध.	पू.भा.	उ.भा.	ऽश्वि.	कृ.	मृ.	पुन.	उ.फा.	ह.

६ मृत्युपंचकयंत्रम्.

१	२	४	६	८	१०	११	१३	१५	१७	१९	२०	२२	२४	२६	२८	२९	सू.	अ.
मृ.	ऽग्नि.	नृ.	चो.	रो.	मृ.	ऽग्नि.	नृ.	चो.	रो.	मृ.	ऽग्नि.	नृ.	चो.	रो.	मृ.	ऽग्नि	पंच	क.

७ एकार्गलयंत्रम्.

न.	रो.	मृ.	म.	उ.फा.	ह.	स्वा.	ऽनु.	मू.	उ.षा.	उ.भा.	रे.	योग.
वि.	पू.भा.	श.	पू.षा.	ज्ये.	ऽनु.	स्वा.	ह.	पू.फा.	ऽऽश्ले.	कृ.	भ.	प्री.
आ.	रे.	उ.भ.	ऽभि.	पू.षा.	मू.	ऽनु.	स्वा.	ह.	पू.फा.	मृ.	रो.	सौ.
शो.	भ.	ऽश्वि.	ध.	ऽभि.	उ.षा.	मू.	ऽनु.	स्वा.	ह.	पुष्य.	आ.	अ.
सु.	रो.	कृ.	पू.भा.	ध.	श्र.	उ.षा.	मू.	ऽनु.	स्वा.	ऽऽश्ले.	पुष्य.	धृ.
शू.	आ.	मृ.	रे.	पू.भा.	श.	श्र.	उ.षा.	मू.	ऽनु.	पू.फा.	म.	गं.
वृ.	पु.	पुन.	भ.	रे.	उ.भा.	श.	श्र	उ.षा.	मू.	ह.	उ.फा.	ध्रु.
व्या.	म.	ऽऽश्ले.	रो.	भ.	ऽश्वि.	उ.भा.	श.	श्र.	उ.षा	स्वा.	चि.	ह.
व.	उ.फा.	पू.फा.	आ.	रो.	कृ.	ऽश्वि.	उ.भा.	श.	श्र.	ऽनु.	वि.	सि.
व्य.	चि.	ह.	पुष्य.	आ.	मृ.	कृ.	ऽश्वि.	उ.षा.	श.	मू.	ज्ये.	व.
प.	वि.	स्वा.	म.	पुष्य.	पु.	मृ.	कृ.	ऽश्वि.	उ.भा.	उ.षा.	पू.षा.	शि.
सि.	ज्ये.	ऽनु.	उ.फा.	म.	ऽश्ले.	पुन.	मृ.	कृ.	ऽश्वि.	श्र.	ऽभि.	सा.
शु.	पू.षा.	मू.	चि	उ.फा.	पू.फा.	ऽश्ले.	पुन.	मृ.	कृ.	श.	ध.	शु.
ब्र.	ऽभि.	उ.षा	वि.	चि.	ह.	पू.फा.	ऽश्ले.	पुन.	मृ.	उ.भा.	पूभा.	ऐं.
वै.	ध.	श्र.	ज्ये.	वि.	स्वा.	ह.	पू.फा.	ऽऽश्ले.	पुन.	ऽश्वि.	रे.	वि.
यो.	सू.	सू.	सू.	सू.	सू.	सू.	सू.	सू.	सू.	सू.	सू.	यो.

८ उपग्रहयंत्रम्.

वि	रो	मृ	म	उ.फा.	ह	स्वा	ऽनु.	मू.	उ.षा.	उभा.	रे
५	रे	अ	आ	पुष्य	ऽश्ले	पू.फा	ह.	स्वा.	ऽनु.	श्र.	ध
८	श	पू.भा	कृ	मृ	आर्द्रा	पु.ष्य.	म.	उ.फा.	चि.	मू.	पू.षा.
१४	ज्ये	मू	रा	उ.भा.	रे	भ.	रो.	आर्द्रा.	पुष्य.	ह.	चि
१८	चि	स्वा	पू.षा.	श्र	ध	पू.भा.	रे.	भ.	रो.	ऽश्ले.	म
१९	ह	चि	मू	उ.षा.	श्र	श.	उ.भा.	ऽश्वि.	कृ.	पुष्प.	ऽश्ले
२२	म	पू.फा.	वि	ज्ये	मू	उ.षा.	ध.	पूभा.	रे.	मृ.	आर्द्रा
२३	ऽश्ले	म	स्वा	ऽनु	ज्ये	पू.षा.	श्र.	श.	उभा.	रो.	मृग
२४	पुष्प.	ऽश्ले	चि	वि	ऽनु	मू	उ.षा.	ध.	पू.भा.	कृ.	रो

९ क्रांतिसाम्ययंत्रम्.

मे.	वृ.	मि.	क.	सिं.	क.	तु.	वृ.	ध.	म.	कुं	मी.	सू.
मि.	म.	ध.	वृश्चि.	मे.	मी.	कुं.	कर्क.	मि.	वृष.	तु.	कुंभ.	चं.

१० दग्धातिथियंत्रम्.

मे.	वृ.	मि.	क	सिं.	क.	वृ.	तृ.	ध.	म.	कुं	मी.	सू.
६	४	८	६	१०	८	१२	१०	२	१२	४	२	ति.

विश्वाप्रदाग्रहाः

सू	चं	मं	बु	बृ	शु	श	रा
११ ३ ८	२ ३ ११	१२ ६ ३	११ २ १ ६ ३ ४ ९ १० ५	११ ९ ६ २ ४ ३ १० ५ १	११ २ ३ ४ ५ ९ १० १	११ ३ ८	११ ६ १० ५ ८ ३ ९
३॥	५	१॥	२	३	२	१॥	१॥

लग्नात्वर्जितग्रहाः

सू	चं	मं	बु	गु	शु	श	रा	लग्नेश
१ ७	१ ८ ६	१ ८ ८	७ ८	८	६ ७ ८	१ ७	१ ४ ७	६

अथ लग्नशुद्धिः—चंद्रमा सायंकाली लग्नसे एकादश द्वितीय और तृतीय होवे तो गोधूलि और चतुर्थ पंचम सप्तम नवम द्वादश होवें तो गर्गके मतसे धूलिमुख कहलाता है उक्त गोधूलि लग्नसे शुक्र भौमादि अष्टमस्थान होवें तो भी दोष नहीं क्योंकि गोधूलि लग्नसे सप्तम सूर्य तो हमेशहही रहता है जब सूर्य जन्यदोष हीन मानों तो और ग्रहोंका दोष तो होनाही क्या केवल लग्न षष्ठाष्टममें चंद्रमा होवे तो गोधूलि लग्न नहीं करना चाहिये यदि रात्रिलग्न शुद्ध बनता होवे तो गोधूलि लग्नसे रात्रि लग्न शुद्ध है क्योंकि स्त्रीकृत्य जितने हैं वे सब रात्रिमें करनाही अच्छा है यद्यपि शास्त्रकारोंने लग्नशुद्धि रात्रि दिवा दोनोंहीमें समान लिखी है परंच हेमाद्रि देवलके मतसे कन्यादान देना रात्रिमेंही श्रेष्ठ लिखा है उक्त लग्नशुद्धि सारिणीमें देखके अशुभ लग्नको छोडके शुद्ध लग्न लेलेना और उस लग्नके ग्रहोंका सारिणीसे विश्वाभी लेलेना चाहिये कितने शास्त्रकारोंने बारहवें शनि दशम मंगल और तृतीय शुक्रसे लग्न दूषित किया है परंच इनके दोष परिहारक वचन अनेक हैं जिससे उक्त दोषों से लग्न दूषित नहीं होता है, अथ सुगमरीतिसे सूक्ष्म क्रांतिसाम्य देखनेकी विधिः—विवाह लग्नके इष्ट ऊपर सूर्य चंद्र और राहुको स्पष्ट करके फिर सूर्यका भुजांश बनाके क्रांतिसारिणीसे क्रांति लेनी और राहुको चंद्रमामें हीनकिये व्यगु कहलाता है उक्त व्यगुका भुजांश बनाके राशि छोडके अंशादिकों को डेढा करनेसे व्यगु मेषादि हो तो उत्तर और तुलादि हो तो दक्षिण संज्ञक शर समझना चाहिये फिर चंद्रमाका भुजांश बनाके क्रांति सारिणीमें क्रांति लेनी यदि मेषादि चंद्रमा हो तो उत्तर और तुलादि होतो दक्षिण संज्ञक चंद्रमाकी क्रांति समझनी चाहिये उक्त चंद्रक्रांति और शरकी एक दिशा हो तो धन और भिन्नदिशा हो तो चंद्र और शरका अंतराकिये चंद्रमाकी स्पष्ट क्रांति होती है उक्त सूर्य और चंद्रमाकी एक क्रांति होवे तब सूक्ष्म क्रांतिसाम्य दोष होता है और आधुनिक ज्योतिर्विद सायनसूर्य चंद्रसे क्रांतिसाम्य बनाते हैं सो ठीक नहीं यद्यपि सिद्धांतोंमें पात स्पष्ट सायन गणितसेही कियागया है

परंच धर्मशास्त्रोंमें निरयन गणितसेही धर्मकी सिद्धि मानी है क्या उनको सायन गणितका ज्ञान नहीं था? नहीं उनका अभिप्राय कुछ औरही था यदि सायन गणितसे क्रांतिसाम्य दोष मानोंगे तो एकार्गलादि दोषोंको भी सायन गणितसेही मानना चाहिये जब तो सब शास्त्र औरही बनाने होवें गे जिससे उनका सायन गणितसे क्रांतिसाम्य बनाना शास्त्रकी असंगतिकारक है क्योंकि उनके गणितसे तो क्रांतिसाम्य मकरके सूर्यमें मेषके चंद्रमामें संभव है और मुहूर्तचिंतामण्यादि ग्रंथोंसे मकरेण वृषाक्रांत (अर्थात्) मकरके सूर्य और वृषके चंद्रमाका है वा वृषभका सूर्य मकरके चंद्रमाका है इससे ज्योतिषशास्त्रकें मुहूर्तप्रतिपादक ग्रंथोंकी व्यवस्था और धर्मशास्त्रके ग्रंथोंकी व्यवस्था निरयन गणितके विना नहीं बैठसक्ती जिससे निरयन गणितसेही क्रांतिसाम्य बनाना शास्त्रसिद्धहै.

इति श्रीमनुरचिते दैवज्ञविनोदे सुभाषाविभूषिते पंचांगलेखनक्रमो नाम चतुर्विंशतितमोविनोदः ॥ २४ ॥

अथ व्रतादिनिर्णयः आदौसप्तकल्पादितिथिः—चैत्रशुक्ल १ चैत्रशुक्ला ५ वैशाखशुक्ला ३ कार्तिकशुक्ला ७ मार्गशीर्षशुक्ला ९ माघशुक्ला १३ चैत्रकृष्णा अथ ३ चतुर्दशमन्वादितिथिः—चैत्रशुक्ला ३ चैत्रशुक्ला १५ ज्येष्ठशुक्ला १५आषाढशुक्ला १०भाद्रपदकृष्णा८भाद्रपदशुक्ला ३आश्विनशुक्ला ९ कार्तिकशुक्ला १२ कार्तिक शुक्ला १५ पौषशुक्ला ११ माघशुक्ला ७ फाल्गुनशुक्ला १५ चैत्रकृष्णाअमावास्या ३० अथदशावतारजयंतीः—चैत्रशुक्ला ३ अपराह्णे मत्स्योत्पत्तिः चैत्रशुक्लप्रतिपन्मत्स्यजयंतीत्येके चैत्रशुद्ध ९ मध्याह्ने रामजयंती चैत्रशुक्ला १५ सूर्योदये हनुमज्जयंती वैशाख शुक्ला ३ मध्याह्ने परशुरामजयंती प्रदोषे बहवो वदंति वैशाखशुक्ला १४ सायं नरसिंहावतारः वैशाखशुक्ला १५ मध्याह्ने सायं वा कूर्मोत्पत्तिः श्रावण शुक्ला १० सायंकाले कल्कीजयंती भाद्रपद कृष्णा ८ निशीथे श्रीकृष्ण

जयंती भाद्रपदशुक्ला १२ मध्याह्ने वामनप्रादुर्भावः आश्विनशुक्ला १० सायंबौद्धावतारः मार्गशीर्षशुक्ला १५ दत्तजयंती. माघशुक्ला १ श्रीवल्लभ जयंती. अथ चतुर्युगादि–वैशाखशुक्ला ३ त्रेतायुगादि. आश्विनकृष्णा १३ कलियुगादि. कार्तिकशुक्ला ९ कृतयुगादि. माघकृष्णा ३० द्वापरयुगादि चैत्रशुक्ला ३ गौरीव्रतं. चैत्रशुक्ला ८ भवान्युत्पत्ति. शतश्लोकी प्रमाणसे अथ चैत्रादिमासनिर्णयः–चैत्रकृष्णा १ वसंत प्रतिपदा उदयव्यापिनी लेनी चैत्रकृष्णा८शीतलाष्टमी शुभवारकी करनी दो दिन शुभवार युक्ता हो तोज्येष्ठा-अनुराधा नक्षत्रयुक्तसप्तमीविद्धाको शीतलाकी पूजा करनी. चैत्रकृष्णा अमा-वास्या ३० मन्वादि अपराह्णव्यापिनी लेनी. चैत्रशुक्ला १ संवत्सरप्रतिपदा कहलातीहै सो उदयव्यापिनी लेनी जब दो दिन उदय व्यापिनी होवे तो भी प्रथ-महीकी लेनी उसदिन तैलाभ्यंगादि स्नान करना जिस दिनका बार संवत्का राजा होता है.गुर्जरोंके मतसे चैत्रवदि३०का वारभी वर्षका राजा होता है.परं-च सर्वसंमत नहीं सर्वसंमतसे तो प्रतिपदा उदयव्यापिनीका बारही राजा हो ता है यदि प्रतिपदाकी वृद्धि होवे तो दूसरी प्रतिपदाके दिन नवरात्रारंभ करना चाहिये. और चैत्रअधिक मास होवे तो प्रथम चैत्रशुदि १ प्रतिपदाका वार संवत्का राजा होता है.और द्वितीय चैत्रशुक्ला प्रतिपदासे नवरात्रारंभ होता है. इसका निर्णय शारदीयनवरात्र प्रमाणसे है. ।। चैत्रशुक्ला ३ गौरीव्रत चतुर्थी युक्त करना. दूसरेदिन मुहूर्तमात्रभी होवे तो दूसरे दिन व्रत करना यह मन्वादि तृतीया कहलाती है. और देवीपूजा नवमीयुक्ता अष्टमी दिनमें करलेना. और चैत्रशुक्ला ९ रामनवमी सो मध्याह्नव्यापिनी लेनी. यदि पुनर्वसु नक्षत्र होवे तो महत्पुण्यदायक है. जब मध्याह्नव्यापिनी अष्टमीके दिन नवमी नहीं होवे वा उदय नवमी भी मध्याह्नव्यापिनी नहीं होवे तो भी उदयव्यापिनीके दिन व्रत करना. अथवा पुनर्वसुके दिन होवे तो उसदिन स्मार्तोंको व्रत कर

---

१ पराशरः–।सप्तमीसहिताकार्याचैत्रकृष्णाष्टमीसदा।नवम्यांनाधिकारोस्ति शीतलापूजनेमुने ॥ज्ये-ष्ठामैत्रर्क्षसंयोगेतोयमन्नं समर्पयेत् । बालानांशांतिदश्चैव इतिदैवविदोविदुः ॥

लेना चाहिये. परंच वैष्णवों को तो अष्टमीयुक्ता नवमीका त्याग करना और उदय नवमीका व्रत करके दशमीके दिन पारण करना. तीन मुहूर्त अर्थात् ६ घटी भी नवमी उदयमें होवे तो वैष्णवोंको यही दिन व्रत करना चाहिये और स्मार्तोंको पूर्वदिन व्रत करना चाहिये यदि अष्टमी ६ घटी भोगके फिर नवमीका क्षय होवे जब तो अष्टमी विद्धाही व्रत वैष्णवों ने करलेना. चैत्रशुक्ला ११एकादशीके दिन लक्ष्मीकांतका दोलोत्सव करना. चैत्रशुक्ला १२के दिन हरिदमनोत्सव करना. और चैत्रशुक्ला १५ हनुमज्जयंती सूर्योदयव्यापिनी करनी यदि दो दिन सूर्योदयव्यापिनी होवे तो प्रथमके दिनही हनुमज्जन्मोत्सव करनाचाहिये. ॥ इतिचैत्रमासः ॥

अथ वैशाखमासः—चैत्रशुदि १५ से वैशाखशुक्ला १५ तक वैशाखस्नान वा मेषसंक्रांतिसे स्नान प्रारंभ करना वैशाखशुक्ला ३ अक्षय्य तृतीया पूर्वाह्णव्यापिनी लेंनी दोदिनतक पूर्वाह्णव्यापिनी होवे तो दूसरे दिनकी लेनी. इसी दिन परशुरामका जन्म हुवा. सो प्रथम प्रहर रात्रिमें तृतीयाकी प्राप्ति होवे जबही पूजा करनी और वैशाखशुक्ला १४ नृसिंहजयंती प्रदोषव्यापिनी करनी. प्रदोषकाल सूर्यास्त हुयेसे घटी ३ पर्यंत कहलाता है. यदि दोदिन प्रदोषव्यापिनी होवे तो परा करनी कमती होवे तो पूर्वदिन करनी वैशाखशुक्ला को गंगोत्पत्ति उत्सव मध्याह्नमें करना यदि दो दिन हो तो पूर्वको करना वैशाखशुक्ला १५ उदयव्यापिनी लेनी दोदिन होवे तो दूसरे दिनकी लेनी उसदिन यम और धर्मराजके प्रीत्यर्थ जलकुंभ दान और अन्न देनेका बडा माहात्म्यहै

अथ ज्येष्ठमासः—ज्येष्ठवदि ३० भावुका कहलाती है ज्येष्ठशुक्ला ३ रंभाव्रतमें द्वितीयायुक्त पूर्वविद्धा लेनी ज्येष्ठशुक्ला १० दशहरा होताहै इसमें दशयोगकी ज्येष्ठमास १ शुकलपक्ष २ दशमी ३ बुधवार ४ हस्तनक्षत्र ५ व्यतीपातयोग ६ गरकरण ७ कन्याका चंद्र ८ वृषभका सूर्य ९ आनंद

१ हनुमदुपासनायाम्-नवमासे गते पुत्रं सुषुवे सांजनी शुभम्। चैत्रे मासे सितेपक्षे पौर्णमास्यां कुजेहनि।

योग १० यह पूर्वाह्णव्यापिनी करनी यदि दो दिन पूर्वाह्णव्यापिनी होवे तो विशेष दशमी जिस दिन होवे उसी दिन करना ज्येष्ठमास अधिक होवे तो अधिकमासकी शुद्ध दशमीको दशहरा करलेना ज्येष्ठ शुदि १५ वटसावित्रीपूजामें चतुर्दशीयुक्त लेनी यदि चतुर्दशी १८ घटिकापर्यंत होवे तो पूजनविषयमें उदयपूर्णिमा लेनी उक्त वटसावित्रीका व्रत १३ से प्रारंभ करना और प्रतिपदाके दिन पारणा करना यह सावित्रिव्रत दक्षिणीलोक केवल पूर्णिमासी दिनही करते हैं और पश्चिमदेशीय लोक आषाढ कृष्ण ३० दिन करते हैं ज्येष्ठशुक्ला १५ मन्वादितिथि श्राद्ध विषयमें पूर्वाह्णव्यापिनी करनी ज्येष्ठशुक्ला १ करि दिन और उस दिनसे दशहराव्रतका प्रारंभ करना और शुक्ला १० दिन गंगाका अवतार हुवाहै और शुक्ला १३ से प्रारंभ किया वटत्रिरात्र व्रत इसी १५ के दिन समाप्तकरना । इति ज्येष्ठमासः ॥

अथ आषाढमासः—आषाढशुक्ला १० वा १५ यह मन्वादितिथि हैं. सो पूर्वाह्णव्यापिनी लेनी. आषाढशुक्ला ११ विष्णुशयनीका उत्सव करना यदि अधिकमास होवे तो शुद्धमासकी एकादशी लेनी अधिककी नहीं लेनी चाहिये. आषाढशुक्ला १२ भाद्रपद शुक्ला १२ कार्तिकशुक्ला १२ इन के दिन क्रमसे अनुराधाके आद्य पाद श्रवणके मध्यपाद और रेवतीके अन्त्य पादका संयोग होनेसे हरिवासर कहलाता है सो उक्त द्वादशी और नक्षत्र पादका संगम छोडके पारणा करना चाहिये नहीं तो एकादशीके व्रतका भंग होताहै यदि द्वादशी स्वल्पघटी होवे और नक्षत्रका योग आन पड़े तो द्वादशीमें केवल पारणा करनेवालेको नक्षत्र वेध नहीं मानना चाहिये यह कौस्तुभकारका आशय है अथवा संगम कालको छोडके प्रातःकाल अथवा मध्याह्नकाल पारणा करना यह पुरुषार्थचिंतामणिवालेका आशय है. इसमें कालनिर्णय कहतेहैं. सूर्योदयात् ६ घटी प्रातःकाल ६ घटी फिर संगवकाल तदनंतर ६ घटी मध्याह्नकाल. तदनंतर ६ घटी अपराह्णकाल. तदनंतर ६ घटी सायाह्नकाल इसप्रमाण ५ प्रकारसे कालसंज्ञा है. इसीप्रकार सूक्ष्म-

काल दिनमान के पंचमांशको समझना चाहिये । इतिहरिवासरनिर्णयः ॥

आषाढशुक्ला ११ से चातुर्मास्यारंभ और शुक्ला १५ के दिन व्यासपूजा अथवा गुरुकी पूजा करनी सायंकालव्यापिनी पूर्णिमा में पवन देखनी जिसमें ऐशान्य उत्तर और पूर्वकी पवन तो उत्तम है और दक्षिण अग्नि और नैर्ऋतकी नेष्ट बाकी और मध्यम है उक्त चातुर्मास व्रतका आरंभ शुक्र गुरुके अस्त वा अधिकमासमें प्रथम नहीं करना और खंडतिथिके दिनभी प्रथम प्रारंभ नहीं करना सूर्योदयसे दो प्रहर पहलेही समाप्तहो उसीको खंडतिथि कहतेहैं. उक्त खंडतिथि में व्रतका आरंभ और उद्यापन नहीं करना और दान विषय और अध्ययन स्नानसंध्यादि विषय ये तो एक पलमात्रभी उदयव्यापिनी तिथि हो उसीको संकल्पमें बोलना चाहिये । इति आषाढमासः ॥

अथ श्रावणमासः—श्रावणशुक्ला १ से नक्तव्रतका आरंभ करना. और भाद्रपदशुक्ला १ पर्यंत उक्त व्रत करके फिर उद्यापन करदेना उक्त व्रतारंभमें सूर्योदयव्यापिनी तिथि लेनी श्रावणशुक्ला ३ मधुश्रवा गुर्जर देशमें प्रसिद्धहै सो उर्वरिता उदयव्यापिनी लेनी शुक्ला ४ वरदचतुर्थी तृतीया युक्त लेनी शुक्ला ५ नागपंचमी षष्ठीयुक्त लेनी शुक्ला ६ वर्णषष्ठी और सप्तमी ७ के दिन शीतलापूजन शुक्ला ८ दुर्गा अष्टमी शुक्ला १२ पवित्रार्पण शुक्ला १५ रक्षाबंधन और श्रावणशुक्ला १२ से भाद्रपद शुक्ला १२ पर्यंत दधिभक्षण व्रतकरना अथ श्रावणीनिर्णयः—ऋग्वेदियोंको श्रवण नक्षत्रमें श्रावणी करनी यदि दोदिन श्रवण होवे तो पूर्वदिनोदयसे दूसरेदिन ६ घटीपर्यंत होवे तो पूर्वदिनही करलेनी जब पूर्वदिन उदयमें नहीं श्रवण होवे और दूसरे दिन उदयसे ४ घटीपर्यंत होवे तो दूसरे दिनही करलेनी चाहिये यदि दूसरेदिन ४ घटीसे श्रवण न्यून होवे और पूर्वदिन उत्तराषाढका वेध होवे तो श्रावणी कर्म श्रावणशुक्ला ५ अथवा हस्त नक्षत्रमें ऋग्वेदवालोंको करनी चाहिये. अथ यजुर्वेदीयश्रावणी निर्णयः—सर्व यजुर्वेदियोंके उपाकर्म विष-

यमें पूर्णिमा मुख्य कालहै जिसमें यजुर्वेदी दो प्रकारके हैं शुक्लयजुर्वेदी और कृष्णयजुर्वेदी पूर्णिमा पूर्वदिन सूर्योदयसे २ घटी ऊपर प्राप्ति होवे और दूसरे दिन १२ घटीपर्यंत रहै तो दूसरेदिनही उपाकर्म करना चाहिये यदि दोनों दिन सूर्योदयव्यापिनी होवे तो प्रथमदिनही करनी चाहिये जब प्रथमदिन २ घटी पश्चात् पूर्णिमाकी प्राप्ति होवे और दूसरे दिन १२ घटीसे न्यून होवे तो कृष्णयजुर्वेदी तो उत्तरदिन और शुक्लयजुर्वेदियोंको प्रथम दिन उपाकर्म करना चाहिये फिर यदि पूर्वदिन २ घटी अनंतर पूर्णिमा प्राप्त होवे और उत्तरदिन४ घटीसे कम होवे वा क्षय होवे तो पूर्वदिनही उपाकर्म करना सर्वसंमतहै अथवा श्रावणशुक्ला १५ दिन सूर्यसंक्रांति होवे वा ग्रहण होवे तो श्रावणशुक्ला ५ के दिन उपाकर्म करना श्रेष्ठ है यदि दैवयोगसे श्रावणमें वृष्टि नहीं होवे औषध्यादि उत्पन्न न होवैं तो भाद्रपदमें हस्त नक्षत्रके दिन उपाकर्म करना श्रेष्ठहै. अथ सामवेदीय श्रावणीका मुख्यकालः—भाद्रपद शुक्लपक्ष हस्त नक्षत्रमें मुख्यहै और जिस दिन संक्रांति प्राप्त होवे तो श्रावणशुक्लमें हस्त नक्षत्र मुख्य यह निर्णयसिंधुका आशय है अथवा श्रावणीपूर्णिमाके दिन उपाकर्म करके फिर भाद्रपद शुक्लपक्ष हस्त नक्षत्रमें वेदारंभ करना यह कोईक आचार्यका मत है उक्त वेदवालोंको उपाकर्म अपराह्णमें करना और नर्मदाके उत्तरभागमें वसनेवाला सामवेदी सिंहराशिस्थ सूर्यमें हस्तके दिन उपाकर्म करतेहैं और नर्मदासे दक्षिणवासी कर्कस्थ सूर्यमें हस्तर्क्षदिन उपाकर्म करतेहैं अथाथर्ववेदी इनको भाद्रपद पूर्णिमा उपाकर्म करनेको श्रेष्ठहै. यदि स्वस्वकालमें कार्यवशसे कर्म नहीं होसके तो इतरवेदीके उक्त कालमें उपाकर्म करना परंच कर्मका लोप नहीं करना चाहिये और नवीन मौंजीबंधन किया होवे तो शुक्रगुरुके अस्तमें प्रथम उपाकर्मका प्रारंभ न करे और उक्त श्रावणी पूर्णिमादिन भद्रारहित समयमें रक्षाबंधन करना श्रेष्ठहै ॰

इति श्रावणमासः ॥

अथ भाद्रपदमासः—भाद्रपदकृष्णा ६ चंद्रषष्ठी चंद्रोदयव्यापिनी लेनी दोदिन होवे तो पूर्व लेनी भाद्रपद कृष्णा ८ जन्माष्टमीका २ भेद हैं जिसमें केवल अष्टमी तो जन्माष्टमी कहलाती है और चंद्रोदय कालिका अष्टमी रोहिणी नक्षत्र युक्ता जयंती कहलाती है उक्त व्रतका ४ भेदहैं पूर्वदिन निशीथयोगिनी १ परदिन निशीथयोगिनी २ दोनोंदिन निशीथयोगिनी ३ दोनों दिन न निशीथ योगिनी ४ निशीथ अर्थात् अर्धरात्रिकी संज्ञाहै जिसमें सप्तमीके-दिन निशीथकालव्यापिनी अष्टमी होवे तोभी ग्राह्य है और परदिवसी निशीथव्यापिनी अष्टमी होवे तो पर करनी श्रेष्ठहै दोदिन निशीथव्यापिनी अष्टमी होवे तो दूसरेदिन करनी श्रेष्ठहै विषमव्यापिनी होवे तो पूर्व करनी भाद्र-पद ३० पिठोरी अमावास्या सायंकालव्यापिनी लेनी यदि दोदिनमेंभी सायं-कालव्यापिनी न होवे तो दूसरी लेनी और उसीदिन कुशाका ग्रहण करना भाद्रपदशुक्ला ३ हरितालिका उदयव्यापिनी करनी जब दूसरेदिन २घटी भी होवे तो दूसरे दिनही हरितालिकाव्रत करना भाद्रपदशुक्ला ४ सिद्धि-विनायक व्रतमें मध्याह्नव्यापिनी लेनी यदि प्रथमदिन मध्याह्न व्यापिनी नहीं होवे और दूसरे दिनभी नहीं होवे तो दूसरे दिनही करनी मध्याह्न घटी १२ से १८ तक होताहै भाद्रपद शुक्ला ५ ऋषिपंचमीका व्रत स्त्रियोंको करना योग्यहै पंचमी मध्याह्न व्यापिनी लेनी यदि दोदिन मध्याह्नव्यापिनी होवे तो चतुर्थीयुक्त पंचमी लेनी भाद्रपद शुक्ला ७ महालक्ष्मीका व्रत करना अनुराधासे प्रारंभ और मूलमें व्रतकी समाप्ति करनी भाद्रपदशुक्ला १२ श्रवणयुक्ता १२ घटीपर्यंत होवे तो उपवास करना इसका नाम श्रवण द्वादशी यदि दूसरेदिनभी६ घटीपर्यंत श्रवण और द्वादशीका योग होवे तो दूसरे दिनही उपवास करना वैष्णवोंको तो अवश्यमेव करना चाहिये भाद्रपद शुक्ला १२ श्रवणयुक्त वामन जयंती मध्याह्नव्यापिनी लेनी भाद्रपद शुक्ला १४ अनंत

निम्बार्कसंप्रदायमें तो सप्तमीविद्धा त्यागके जन्माष्टमी करते हैं और रामानुजसंप्रदायमें सिंहस्थ सूर्यमें जब रोहिणी उदयमें हो तब जन्माष्टमी व्रत करतेहैं और स्मार्तोंको तो केवल अर्धरात्रव्यापिनी अष्टमी चाहिये.

चतुर्दशी उदयव्यापिनी लेनी यदि दोदिन उदव्ययापिनी होवे तो पूर्वलेनी जब पूर्वदिन उदयव्यापिवी न होवे और चतुर्दशीका क्षय होवे तोभी पूर्वही लेनी यदि पूर्वदिन उदयव्यापिनी न होवे और दूसरे दिन घटी २ पर्यंत चतुर्दशी होवे तो दूसरे दिनही अनंतव्रत करना भाद्रपद शुक्ला १५ प्रौष्ठपदी कहलाती है,

अथ आश्विनमासः—भाद्रपद शुक्ला १५ से दिन १६ महालय श्राद्ध कहलातेहैं जिसमें सर्वतिथि मध्याह्नव्यापिनी लेनी और सौभाग्यवतीका श्राद्ध नवमीको करना और शस्त्रादिकसे मृतकका श्राद्ध चतुर्दशीको करना और कोईभी कारणसे महालय श्राद्ध उक्त नियमपर रहता चलाजावे तो वृश्चिकसंक्रांतिपर्यंत करना फिर नहीं करना चाहिये आश्विनकृष्णा अमावस्या हस्त युक्त होवे तो गजच्छाया कहलाती है आश्विन शुक्ला १ को मातामहका श्राद्ध दौहित्रको अवश्य करना चाहिये और उस दिन नवरात्रकाभी प्रारंभ होताहै उक्त प्रतिपदा घटस्थापनमें अमायुक्त नहीं लेना और उसदिन वैधृतियोग होवे तो वैधृति छोडके घटस्थापन करना यदि वैधृत और चित्रानक्षत्रका योग होवे तो वैधृतजन्य दोष नहीं यदि प्रतिपदाका क्षय होवे तो अमावास्या युक्त प्रतिपदा घंटस्थापनमें श्रेष्ठ कहलातीहै. आश्विनशुक्ला ५ उपांग ललिता व्रतमें मध्याह्नव्यापिनी पूर्व लेनी आश्विनशुक्ला ७ मूल नक्षत्रमें प्रातः सरस्वतीका आवाहन करके फिर पूर्वाषाढमें पूजन और उत्तराषाढमें बलिदान और श्रवणके प्रथम चरणमें विसर्जन करना चाहिये आश्विनशुक्ला ८ दिन मध्यरात्रिमें भद्रकालीका अवतार हुवाहै उक्तअष्टमी नवमी युक्ता लेनी यदि अष्टमी सूर्योदय समयमें मूल नक्षत्रमें होनी बडी दुर्लभ है. क्यों कि उसको महानवमी कहनी चाहिये और सप्तमीयुक्ता अष्टमीका सदाही त्याग करना यदि अष्टमीका क्षय होवे तो सप्तमीयुक्ता अष्टमी श्रेष्ठहै उक्त अष्टमीमें होम शुरू करके नवमीमें पूर्णाहुति देनी चाहिये. और इसीदिन सर्व शस्त्रों अस्त्रोंकी पूजा करनी. आश्विन शुक्ला ९ पूर्वविद्धा लेनी वेध ६

घटी अष्टमीसे पीछे नवमीकी प्राप्ति होवे तो दूसरे दिन करनी आश्विन शुक्ला प्रतिपदासे नवमीपर्यंत अश्वादिकोंके पालकको नीराजनविधि अर्थात् उनको वस्त्रादिकोंसे सजाके पुष्पादिकोंकी माला पहराके और खान पान अच्छा देना और जलसे नेत्रोंको आँजना चाहिये शुक्ला १० विजया दशमी सो अपराजिता पूजाके विषयमें नवमी युक्ता दशमी लेनी. सीमोल्लंघनविषयमें सायंकाली दशमी लेनी. यदि सायंकाली न होवे तो विजय मुहूर्तव्यापिनी श्रवणनक्षत्रयुक्त लेनी चाहिये विजयमुहूर्तकी दिनकी २० घटी ऊपर प्राप्ति है. यदि पूर्व दिनमें सायंकाली दशमी और श्रवण नक्षत्र होवे तो पूर्वदिन ही श्रेष्ठहै पूर्वदिनमें श्रवण नहीं होवे तो उदयव्यापिनी श्रेष्ठहै. परंच इसमें श्रवणकी बलिष्ठता विशेष है. राजपट्टाभिषेक उदयव्यापिनी दशमीके दिन करना आश्विनशुक्ला १५ को जागरीव्रत उदयव्यापिनीमें करना इसी दिन नवान्नभक्षण करना और अश्वयुजी कर्ममें पूर्वाह्णव्यापिनी लेनी चाहिये ।

अथ कार्तिकमासः—तुलासंक्रांतिसे वृश्चिकसंक्रांतिपर्यंत तिल तैलका आकाश दीप करना आश्विनशुक्ला १५ से कार्तिकस्नान प्रारंभ करना कार्तिक कृष्णा ४ कर्क चतुर्थी चंद्रोदयव्यापिनी लेनी कार्तिक कृष्णा १२ गोवत्सपूजा विषयमें प्रदोषव्यापिनी लेनी. कार्तिक कृष्णा १३ के दिन अपमृत्यु निवारणके अर्थ यमराजके प्रीत्यर्थ घरसे बाहिर दीपक करना और धनकी पूजा करनी कार्तिक कृष्णा १४ नरक चतुर्दशी वा रूप १४ चंद्रोदयव्यापिनी लेनी. उसीदिन तिल और आमलकसे अभ्यंग कर फिर स्नानकर अपामार्ग तुंबी और पद्मपवाड़ इन तीनोंका पत्र अपने शरीर ऊपर भ्रमायके फेंक देना चाहिये कार्तिक कृष्णा ३० दीपमालिका महालक्ष्मी पूजाविषयमें प्रदोष व्यापिनी लेनी यदि उभयदिन प्रदोषव्यापिनी होवे तो दूसरे दिन करनी चाहिये कार्तिक शुदि १ बलिपूजनमें पूर्वविद्धा लेनी गोवर्धनपूजा इसीदिन करनी. शुक्ल २ यमद्वितीया कहलातीहै यही भाईबीज वा भाऊबीज समझलेना.—

सो पूर्वविद्धा लेनी कार्तिकशुक्ला ८ गोपाष्टमी सायंकालव्यापिनी लेनी कार्तिक शुक्ला ९ कूष्माण्डनवमी वा अक्षयनवमी वा युगादि तिथि पूर्वाह्णव्यापिनी लेनी कार्तिक शुक्ला ११ के दिन तुलसीका विवाह करना शुक्ला १२ के दिन रेवतीका अंत्यपाद छोडके पारणा करना. उक्त एकादशी प्रबोधिनी कहलातीहै कार्तिकशुक्ला १२ मन्वादितिथि पूर्वाह्णव्यापिनी लेनी शुक्ला १४ वैकुंठचतुर्दशी निशीथव्यापिनी लेनी दोदिन होवेतो दूसरेदिनकी लेनी. कार्तिकशुक्ला १५ परदिनकी लेनी। इति कार्तिक मासः॥

अथ मार्गशीर्षमासः—मार्गशीर्ष शुक्ला ५ नागपंचमी परदिन करनी मार्गशीर्ष शुक्ला ६ चंपाषष्ठी सप्तमीविद्धा करनी मार्गशुक्ला १४ के दिनपिशाचमोचन श्राद्ध करना मार्गशीर्ष शुक्ला १५ दत्तजयंती प्रदोषव्यापिनी लेनी॥

अथ पौषमासः—पौषशुक्ला ११ मन्वादि तिथि कहलाती है पौषशुक्ला १५ से माघशुक्ला १५ पर्यंत माघस्नान करना॥

अथ माघमासः—माघशुक्ला ४ तिल चतुर्थी प्रदोषव्यापिनी लेनी माघ शुक्ला ५ वसंत पंचमी वा श्रीपंचमी माधव मतसे पूर्वा और हेमाद्रिमतसे परा करनी माघशुक्ला ७ रथसप्तमी अरुणोदयव्यापिनी लेनी उक्त सप्तमी मन्वादि तिथि भी है माघशुक्ला ८ भीष्माष्टमी पूर्वाह्णव्यापिनी लेनी माघशुक्ला १२ भीष्मद्वादशी परविद्धा लेनी माघशुक्ला १५ परविद्धा लेनी यदि सोम गुरु युक्ता पौर्णिमा होवेतो स्नानदानमें महापुण्यदायक है॥

अथ फाल्गुनमासः—फाल्गुनकृष्णा १४ महाशिवरात्रि निशीथव्यापिनी होवे तो पूर्व लेनी दोदिनहीं निशीथव्यापिनी नहीं होवे तो पर करनी फाल्गुन शुक्ला १५ सायाह्नव्यापिनी लेनी सायाह्नव्यापिनी नहीं होवे तो प्रदोषव्यापिनी लेनी दोदिन प्रदोषव्यापिनी होवे तो दूसरी लेनी भद्राको त्याग करके होलिका दीपन करना यदि कोई ग्रहणादि संकट आजावे तो भद्राके मुखकी ५ घटी त्याग करके होलिकादीपन करना ग्रहण ग्रस्तोदय नहीं होवे तो सायंकाली भद्रारहित होलिकादीपन करना परंतु दिनमें नहीं करना

और प्रतिपदामें भी नहीं करना पूर्णिमा वर्तमानमेंही होलिकादीपन करना

अथ प्रदोषनिर्णयः—शुक्ला १३ त्रयोदशी प्रदोषकालव्यापिनीमेंही प्रदोषका व्रतकरना यदि दोदिन प्रदोषव्यापिनी होवे तो शुक्लपक्षकी पूर्व और कृष्णपक्षकी पर लेनी यदि दोदिन प्रदोषव्यापिनी नहीं होवे तो भी पर-करनी यदि शनिवार युक्त होवे तो महापुण्यदायक कहनी प्रदोष काल सूर्यास्तपीछे ३ घटीपर्यंत होता है ।

अथ संकष्ट चतुर्थीनिर्णयः—सारे महीनोंकी कृष्णपक्षकी चतुर्थी संकष्ट चतुर्थी चंद्रोदय व्यापिनी लेनी यदि दोदिन चंद्रोदय व्यापिनी होवे तो दूसरे दिनकी लेनी यदि दोनोंदिन चंद्रोदयव्यापिनी नहीं होवे तो भी दूसरेदिनही की लेनी चाहिये ।

अथ एकादशी निर्णयः—एकादशीके व्रतमें ३ तीन भेद हैं स्मार्त १ वैष्णव २ भागवत ३ जिसमें दशमीविद्धा हो वा शुद्धाहो परंच द्वादशीमें पारण होवे सो स्मार्त कहलाती है और ५६ घटीसे एक पल भी अधिक दशमी होवे तो वह एकादशी वैष्णव और भागवतोंको त्याज्य है द्वादशीमेंही व्रत करना होता है और ४५ घटीसे दशमी एक पल भी अधिक होवे तो केवल निम्बार्कसंप्रदायी एकादशी त्यागके द्वादशीका व्रत करते हैं और वैष्णव सभी एकादशीकोही करते हैं **अथैकादशीनामानिः**—चैत्र शुक्ला ११ कामदा, वैशाखकृष्णा ११ वरूथिनी, वैशाखशुक्ला ११ मोहिनी, ज्येष्ठकृष्णा ११ अपरा, ज्येष्ठशुक्ला ११ निर्जला, आषाढकृष्णा ११ योगिनी, आषाढशुक्ला ११ शयनी, श्रावणकृष्णा ११ कामिका, श्रावणशुक्ला ११ पुत्रदा, भाद्रपदकृष्णा ११ अजा, भाद्रपदशुक्ला ११ पद्मा, आश्विनकृष्णा ११ इंदिरा, आश्विनशुक्ला ११ पाशांकुशा, कार्तिककृष्णा ११ रमा, कार्तिकशुक्ला ११ प्रबोधिनी, मार्गशीर्षकृष्णा ११ उत्पत्ति, मार्गशीर्षशुक्ला ११ मोक्षदा, पौषकृष्णा ११ सफला, पौषशुक्ला ११ पुत्रदा, माघकृष्णा ११ षट्तिला, माघशुक्ला ११ जया, फाल्गुनकृष्णा ११ विजया, फाल्गुनशुक्ला ११

आमलकी, चैत्रकृष्णा ११ पापमोचनी अधिकमासे उभयपक्षयोः ११ कमला। इति एकादशीनिर्णयः।

अथ ग्रहणपर्वकालनिर्णयः—ग्रहणस्पर्शकाल चंद्रमाका हो जिस प्रहरसे पहले तीनप्रहर और सूर्यग्रहणसे चार प्रहर पहले भोजन करके पीछे ग्रहण शुद्ध नहीं हो जितने भोजन नहीं करना चंद्रमा ग्रस्तास्त होवे तो वह दिनमें भोजन नहीं करना रात्रिके चंद्रोदय शुद्धबिंब देखके सचैल स्नान करके भोजन करना यदि सूर्यग्रहणभी ग्रस्तास्त होवे तो रात्रिको भोजन नहीं करना दूसरे दिन सूर्योदयात् शुद्धबिंब देखके मुक्तस्नान करके भोजन करना चाहिये.

अथ ग्रहणे धर्मशास्त्रं-ग्रहणप्रहरात्पुराविधोःप्रहराणां त्रितयेन भुज्यते॥ सवितुश्च तथा चतुष्टये शिशुवृद्धातुरवर्जितैर्जनैः ॥१॥ ग्रहयामादितः पूर्वं प्रहरे नहि भोजनम्॥ शिशुवृद्धातुरैःकार्यमिति शास्त्रविदोविदुः॥ २॥ ग्रस्तास्तयोःपुष्पवतोस्तु पश्चाद्भुञ्जात बिंबं विमलं विलोक्य॥ अतीत्यकालं ग्रहणस्य संध्याहोमादिके स्यादिह नैव दोषः॥ ३॥ आरनालमथिते दधिदुग्धे तैलसर्पिरिह पाचितमन्नम्॥ सतिलैःकुशयुतैःसमवेतं नो भवेद्ग्रहणजवेधविदग्धम्॥ ४॥ गांगं च पणिकस्थंचजलं तद्वन्न दुष्यति ॥ अत्राम न्नेनहेम्ना वा श्राद्धदानादि निश्यपि॥ ५॥ प्रत्याब्दिकं चापि विधेयमन्नैरामेन हेम्नापितथोपरागे। त्रिभिर्विभागैर्जपहोमदानं दिशेदिहाग्रे दिनसप्तकेपि॥ ६॥ विशेषतो भास्करपर्वणीयमाशौचमध्येपि च सर्वकर्म ॥ अशुद्धबिंबे तु रजस्वलापि स्नायात्पृथक्पात्रगताभिरद्भिः ॥ ६ ॥ मुक्तिस्नानं सचैलं तु मंत्रकृत्यविवर्जितम् ॥ अवश्यमेव कर्तव्यमिति ग्रहणनिर्णयः ॥८॥ इतिग्रहणपर्वकालनिर्णयः ॥

अथकपिलाषष्ठीः—भाद्रपदे सिते पक्षे षष्ठी भौमेन संयुता ॥ व्यतीपाते च रोहिण्यां सा षष्ठी कपिला स्मृता ॥ १ ॥

अथवारुणीयोगः—चैत्रकृष्णा १३ शततारकानक्षत्रयुता वारुणीसंज्ञका शनिवारयुक्ता महावारुणी शुभयोगयुक्ता महामहावारुणीसंज्ञका । अथ व्यतीपातयोगः-पंचाननस्थौ गुरु भूमिपुत्रौ मेषे रविः स्याद्यदि शुक्लपक्षे । या-साभिधानाकरभेण युक्ता तिथिर्व्यतीपात इतीह योगः । इतिव्यतीपातयोगः॥

अथगजच्छायायोगः—आश्विनकृष्णपक्षे हस्तनक्षत्रे सूर्ये मघानक्षत्रयुता त्रयोदशी गजच्छायासंज्ञका ॥

अथ अर्द्धोदययोगः—अमार्कपातश्रवणे युताचेत्पौषमाघयोः । अर्धोदयः सविज्ञेयः कोटिसूर्यग्रहैः समः । इतिअर्द्धोदययोगः ॥

अथ ग्रंथबनानेका प्रयोजनः—ज्योतिष शास्त्रके ग्रंथ फलादेश कहनेका तो देवभाषासे मनुष्यभाषामें निर्माण कियाहुवा बहुत जगह देखा परंच सिद्धांत-भागका उदाहरण जो कठिन है सो आजतक हिंदी भाषामें नहीं देखा अतएव सर्व सज्जनोंके सुभीतेके लिये परोपकार समझके अनेक ग्रंथोंका सारसंग्रह करके इस ग्रंथको मनुष्यभाषा (आर्यहिंदुस्थानी) में निर्माण कियाहै और पंचांग पद्धति जो कि पंचांग बनानेकी विद्या विविध शास्त्रोंसे ज्योतिर्वि-दोंको प्रतिवर्षके पंचांग बनानेमें बहुत प्रयास होताथा जिससे उक्त पद्धतिको भी व्रतादिनिर्णय सहित सांगोपांगसे परिपूरित करके जो पंचांगके प्रयोजन सिद्ध होनेयोग्य बातथी वह मेरी स्वल्प बुद्ध्यनुसार शंका समाधान सहित लिखी है और भूगोल खगोलका नकसाकी जिसके केवलमात्र देखनेसेही पृथ्वीपर विविधराज्यकी रचना और जलस्थलका नील और श्वेतरंगसे पृथक् भेद समझना और खगोलमें आकाशचारी ग्रहोंकी यथास्थिति राशिचारादि सब अवयवोंसे सुशोभित कियागयाहै अब इस ग्रंथके निर्माण करनेका प्रेरक सर्वांतर्यामी मुझको आर ग्रंथपठनकरनेवालोंको चतुर्वर्गकी सिद्धि सम्यक् प्राप्ति करेंगे.

श्लोक।

श्रीमत्सीकरपत्तनादिनगराधिष्ठातृदेवः सदा ब्रह्मण्यः क्षितिपालक सुमुदितैर्विद्वद्गणैः सेवितः ॥ ग्रामैः पंचशतैः शतार्द्धसहितैर्वाणैः पुरैः संयुतः श्रीमन्माधवसिंहवर्मनृपतेर्भूयात्सदा मंगलम् ॥१॥ तद्राज्येश्वरविद्ययाविलसितो मान्यो महाभूभुजां श्रीगौडान्वयवल्लभोतिकुशलः संगीतशास्त्रेन्वितः ॥ तत्सूनुर्मनिरामनामगणकः श्रीरामदुर्गे वरे प्राप्तो ज्येष्ठसहोदरात्सुविमलं ज्ञानं नृसिंहाभिधात् ॥ २॥ भूयो वेदनिधेः प्रगल्भगणकात्प्राप्तं विशालपुरे यस्मात्सारविचारचारुगणितं सज्ज्योतिषं निर्मलम् ॥ पाखंडद्रुमखंडखंडनकृतस्तस्यास्तु पूर्णा कृपा दीनानाथगुरोरखंडकरुणापूरान्मतिर्मे सती ॥ ३ ॥ शाके षट्शशिनागचंद्रसहिते सूर्येह्निदीपोत्सवे चोर्जे मास्यसिते दले सुविमलं ग्रंथं ह्यकार्षीन्मनुः ॥ दिव्यं भूग्रहवासनास्फुटतरैर्भेदैरनेकैर्युतं यं दृष्ट्वोपहसंति मत्सरधियस्तेभ्यो महद्भ्यो नमः ॥ ४ ॥

इति श्रीज्योतिर्विद्मनीरामविरचिते दैवज्ञविनोदे सुभाषाविभूषिते व्रतादिनिर्णयवर्णनं नाम पंचविंशतितमोविनोदः ॥ २५ ॥

पुस्तक मिलनेका ठिकाना–खेमराज श्रीकृष्णदास,
"श्रीवेङ्कटेश्वर" स्टीम् प्रेस, खेतवाड़ी–बंबई.